Clause, 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

DR. ABRAR AHMED : Sir, I beg to move :

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (Shri MD. Salim) : Now, we shall take up clarifications on the statements by Ministers. We have two statements. First, we shall take on the statement by the Minister of Agriculture. Yes, Mr. Bhandare.

SHRIMATI KAMLA SINHA : Sir, before we start the clarifications, I want to raise a very important issue. The news has come to me and I would like to draw the attention of the Home Minister ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM) : About what ? Anything about the statement ?

SHRIMATI KAMLA SINHA : Sir, just now I have received a telephone call. You know, today, ten thousand people were demonstrating and many of our colleagues, Members, have gone there. It is about the deletion of names from the voters' list ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (Shri Md. Salim) : This issue was raised in the morning.

SHRIMATI KAMLA SINHA : No, no. Our comrade, Mohd. Afzal, has gone with ten thousand people to the Election Commissioner to submit the papers, the forms, etc. and the Election Commissioner has refused to accept them. He is sitting there in *dharna* before the Election Commission. The Minister of Home Affairs should come out with a statement. Many Members of Parliament have gone there ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. Salim) : You have made your point. This morning this was raised. Now, you please sit down ... (*Interruptions*) ... Please sit down. You cannot raise it like this. Now, Shri M. C. Bhandare. (*Interruptions*)

SHRIMATI KAMLA SINHA : Sir, I raised an issued ...

THE VICE-CHAIRMAN (Shri Md. Salim) : You wanted to raise it. You have raised it.

SHRIMATI KAMLA SINHA : You should tell the Minister to say something.

THE VICE-CHAIRMAN (Sri Md. Salim) : It was raised in the morning.

SHRIMATI KAMLA SINHA : The Minister should react.

THE VICE-CHAIRMAN (Shri Md. Salim) : Kamlaji, You did not listen to me. It was raised in the morning. (*Interruptions*)

The Minister for parliamentiry Affffairs made the point ...

SHRIMATI KAMLA SINHA : Now, the Member is sitting in *dharna*.

THE VICE-CHAIRMAN (Shri Md. Salim) : ... that he will communicate to the Home Minister.

SHRIMATI KAMLA SINHA : They are *still sitting there in dharana.* (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (Shri Md. Salim) : Please sit down. You have already made your point. Mr. Bhandare, please.

CLARIFICATIONS ON THE STATEMENT BY MINISTER

Recent Earthquake in Maharashtra and Adjoining Areas

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, Sir, the tragic and devastating

earthquake which struck the two districts of Latur and Osmanabad in Maharashtra on 30th of September this year has been the worst in the living memory of our people. Nobody could have imagined an earthquake of that magnitude and more than that the disaster and damage of such a great dimension. Therefore, before I ask my clarifications, I want to take this opportunity to offer our sympathies for those who have lost their lives and condolences to those who have lost their ones in that earthquake. I also take this opportunity to express my great appreciation ... Sir, I am sorry, I am being disturbed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM) : Please carry on. The Minister is listening to you.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE : Sir, I want to express my appreciation to the people because they showed exemplary fortitude and courage. I met many who had lost a parent, lost a spouse, lost a child. And instead of my consoling them, they were showing such exemplary courage and fortitude while I was completely shaken by the gravity of the tragedy.

Sir, the statement for a change, coming from the hon. Minister Takharji is a very exhaustive one. It leaves nothing to be told. And I am happy that he has taken the House into confidence. I appreciate the Prime Minister visiting the place. I appreciate the Agriculture Minister visiting the place. I appreciate the other Ministers visiting the place. I also take this opportunity to express my appreciation to the Chief Minister of Maharashtra, Shri Sharad Pawar, who in a matter of minutes, galvanised the whole State. He secured whatever help was possible from various parts of the country to meet this great tragedy.

I remeber, when I was abroad recently, the people were shocked when they saw the earthquake pictures shown in the various media. They were shocked. But what they saw ostensibly in the next five-six days, namely, the launching of relief measures after the earthquake victims, really gave them another picture of the country. People in America and Europe told me that they could not believe that things could be tackled with such efficiency, with such urgency with such completeness in India. The Army was there. The medical teams were there. The provisions were there. The bodies were being taken out. Everything was being done so fast and so systematically that the world community could realise what an efficient nation we are.

When I talk about this, I disagree with one statement that has been made here, namely, that the classification of the zones has to be reconsidered. No doubt, we have several zones. We know that the Mararashtra zone is the least earthquate-prone. The Indian land mass is grouped into five geological zones. These zones range from 1 to 5 according to intensity. The Capital, Delhi, falls in Zone 4. The higher in intensity in Zone 5, i.e. the Himalayan area. Latur falls in zone 1. Perhaps, because of the severity of the damage, the statement says that we have to reclassify the zones. I disagree with this point.

The damage was so much not because the tragedy of the developing countries. of the intensity of the earthquake, which was 6!4 on the Richter Scale, but because of the defective housing. This is the tragedy of the poverty in the third World. This is want the hon. Minister to apply his mind. He can take expert opinion. He need not clarify immediately. If these dwelling units had been properly built, with proper foundation, would the damage have been the same as we saw, or, would the damage have been just half or even one-tenth of it? Having visited these places, I find that wherever there were houses with permanent foundation, strong foundation, nothing had happened. On the other hand, the houses which had no foundation, which were built on stones, without adequate cement to bind them together, collapsed. Under their weight, thousands of human beings were trapped. The real reason lies in the defective housing, clearly the result of housing.

Among the many relief measures, one important thing is the rebuilding of these houses. In this connection, my suggestion, my humble suggestion, to the hon. Minister is that we must design low cost houses which are earthquake-proof and weather-proof. They must not only be a model in India, but they should be a model for the rest of the developing countries. This is my first suggestion because I find that the World Bank is involved in this. Other international agencies are involved in this. I would suggest that the Habitat section of the United Nations should also be involved in this effort to see that we evolve a model which really meets the strictest standards so that such tragedies are avoided in future. The next thing that I want to appreciate is that there was no spread of epidemic.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SLAIM) : It will be better if you seek clarifications.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE : I have made two suggestions, one about the zones and the other about housing. In fact, this is a matter where we should have had a Short Duration Discussion because, unless somebody is there to contradict, this was the worst earthquake in the living human memory in our country.

Now I do want to thank everybody, particularly the international community and the U. N., the way they have responded to us. In Harward, when I was there recently, I found children, school children, had collected 5000 ollars and contributed. Now it is a matter of regret that when I am on this subject we have a very discordant note from a party which chooses to boycott this House everyday. Even before the rescue operations had started, the BJP started attacking. This is one issue which should cut across all party lines and I think, this kind of meaningless, hollow criticism is not called for. In fact, instead of wasting the time of the House this morning it would have been much better if they had contributed something to this very very important matter.

About paragraph 11 of the statement I have already made a mention. I would like the hon. Minister to tell us whether they have received any designs of dwellings, and whether there is any difference of opinion between our experts and international experts on that aspect.

All that I want to say s that a large number of things remain to be one. Reconstruction and rehabilitation is going to be a very very difficult process. It cannot be achieved successfully unless the community is involved throughout the reconstruction process. The statement is not very adequate on it. I would like to know what steps are being taken to involve the community throughouot the reconstruction process. There are going to be many differences. Even when one builds a small house, there are always differences, where the door should be and where the window should be. For that there should be a proper mechanism to see that there is a general consensus and no unnecessary controversy or disappointment is created over the building of these houses.

All in all, I think this is a challenge which we must accept, namely, to build a model village, a village which will be a prototype not for Maharashtra only, not for India only but for all the developing countries.

With these words I once again associate myself with the feelings that are expressed in this statement towards the victims, the appreciation which has been shown towards the soldiers, the army, the scientists, the Government staff and the NGOs. In fact, we had to prevent Delhi NGOs from going. They were all ready but we said that they would add to the confusion.

Only one thing more and I have done. We found in the beginning that there was a lot of confusion. I am very very happy that the hon. Finance Minister is here. I have already written to him. If we paid to the Prime Minister's relief fund we got full exemption. If we paid to the Chief Minister's Relief Fund for a short time, we got half the exemption. Therefore, I think

an announcement has come about a one-time full exemption to the Chief Minister's Relief Fund, provided it is for relief of earthquake victims. But, sitting here in the Council of States, I think there is no difference between the Prime Minister's Relief Fund and the Chief Minister's Relief Fund, and I think the same concession, the same exemption, which is available for the Prime Minister's Relief Fund, namely, 100 per cent, should also be available for the Chief Minister's Relief Fund also because the object of both the Funds is to meet the tragedies arising out of earthquakes, floods, heavy rainfall and other things.

Sir, I once again express my deep satisfaction with the statement of the hon. Minister. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM) : Dr. Sivaji .. Not here. Dr. Bapu Kaldate.

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपाध्यक्ष महोदय, एक अति . . . (**व्यवधान**) . . . मुरली जी, जो आप अपेक्षा जगेश जी से करते थे, शायद मैं आपसे करूं . . .

श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे : मुझसे पूछ रहे थे, मैं इनको बता रहा था . . (**व्यवधान**) . .

डा० बापू कालदाते : सिर्फ अपेक्षा करता हूं।

श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे : माफी चाहता हूं। आप बोलिए।

डा० बापू कालदाते : उपाध्यक्ष जी, मैं अति दुःख के साथ और अति वेदना के साथ इस सदन में आपके सामने खड़ा हूं। मेरी चुनावी जिन्दगी इसी इलाके से शुरु हुई है। वर्ष 1967 में मैं चुनाव जीता लातूर से और आज इस इलाके का कोई भी ऐसा गांव नहीं है, जहां मैं न गया हूं और न ही कोई गांव हो सकता है जहां कि लोग कम से कम मेरे नाम से मुझे न पहचाने। यह जो हुआ है, यह तो मेरा पारिवारिक दुःख है। कोई दोस्त है, जिनके साथ पिछले तीस साल से हम काम करते आए हैं और इनके परिवार के लोगों को, हमने देखा है, एक नहीं बल्कि सभी को मिला कर जलाते समय। हमने देखा है, जिनके साथ हम कई सालों से काम करते आए हैं, उनके घर के लोग गए, उनके रिश्तेदार गए, हमारे साथी गए। यह जो कुछ हुआ, इसके लिए जो कुछ आपने निवेदन में लिखा है, जो संवेदना आपने व्यक्त की है, उसमें मैं आपके साथ हूं। मैं यह भी कहता हूं, जो आपने कहा है, सिर्फ हमारी नहीं, मेरी नहीं बल्कि सारे विश्व की संवेदना जिस सक्रियात्मक रूप से हमने देखी, इससे हमें विशेष आनन्द हुआ क्योंकि हमारा कई सालों का एक सपना है कि हम एक दुनियां देखना चाहते हैं, जहां न वीसा हो और न पासपोर्ट हो। यह सपना आज का नहीं है, बहुत पहले का है। हम एक विश्व की जब संकल्पना करते हैं तो कई रुकावटें हमारे सामने आती हैं, लेकिन संवेदना के प्रति विश्व जब एकरूप हो जाएगा तो हो सकता है कि हमारी क्षुद्रताओं को मिटा कर शायद विश्व एक हो जाए। मैंने यह आशादायक दृश्य देखा।

महोदय, मेरे पास सब कागज हैं। वहां 10 और 11 तारीख को मैं था। मैं आज ही आया हूं लातूर से, आप भी गए थे 26 तारीख को, मुझे मालूम है, वहां सारा विश्व आया। मैं साल 1967 में विधानसभा का सदस्य था, जब कोयना का भूकंप हो गया, कोयना वाले भूकंप और कल के भूकंप की जब मैं तुलना करता हूं तो हजारों, लाखों गुना हमदर्दी, संवेदना, सक्रियता के रूप में आज हम देख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, कम्युनिकेशन है। पांच, साढ़े पांच बजे यह हुआ। छह बजे मुझे पता लगा यहां और सात बजे सिंगापुर, जर्मनी और इंग्लैंड के दोस्तों का हमने फोन पाया कि वहां क्या हो गया? मुझे इस बात का बड़ा हर्ष है, इतने दुःख में भी हर्ष है कि विश्व इस दिशा में क्यों न हो, इस आपत्ति में क्यों न हो, इस आपत्ति के समय में दौड़ आया। मैं 2 अक्तूबर से 12 नवम्बर तक उस इलाके में रहा, बीच में अगर कुछ दिन छोड़ कर जब मैं पैसा इकट्ठा करने के लिए बाहर था। जिस संगठन का, मैं विगवस्त हूं, राष्ट्र सेवा दल का जो वहां

काम करता है शिक्षा का। स्कूल नए रूप से शुरू करना, बच्चों को वहां के सभी इक्विपमेंट देना— किताबें हों, बैग हों या जो कुछ हो, स्कूल के लिए टेबल-कुर्सी हो, उनके लिए अलमारियां हों। अभी बहुत सर्दी है, मैं जाकर आया हूं, बहुत बरसात हो गई और तीन-चार जगह इतनी सर्दी है तो हमने सोचा कि बजाए कि उनको यूनिफार्म दे दें, हमने लुधियाना से 14,000 स्वेटर मंगवाए हैं लोगों की मदद से। सरकार में हम लोग कुछ नहीं लेते। यह हमारा संगठन सरकार से पैसा नहीं लेता है और पिछले 50 साल से हम इसको चला रहे हैं। तो पहले तो मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि जो हमारी भावना दुनिया के प्रति है, वह आपने इसमें व्यक्त की है। लेकिन देखा क्या गया कि शुरू की अवस्था में जनता की उदारता और सरकार की अमित्रता में मेल नहीं बैठा, टोटल कन्फ्यूजन। लोगों की उदारता इतनी उछल कर आई थी जैसे समुद्र की लहरें आती हैं और इस उदारता के साथ जनता जहां से हो सका वहां से मदद भेजती रही शिकायत हो गई थी, दो तारीख को दो लाख लोग किल्लारी में थे जहां से उसे पार करना मुश्किल हो जाता था, 6-6 घंटे लगते थे। लेकिन सरकार माल कहां रखे, कपड़ा कहां रखे, दवाइयां कहां बांटें इसमें भ्रमित थी। लेकिन यह भ्रम, महाराष्ट्र के जो मुख्य मंत्री, जो हमारे विरोधक है लेकिन हमारे परम् स्नेही भी हैं, जिस तरह से उन्होंने तुरन्त वहां पर उसमें एक कार्यवाही करनी शुरू की उसका असर होने लगा।

मैं एक बात पर सरकार का विशेष ध्यान खींचना चाहता हूं कि सरकार इस बात को समझ ले कि कोई भी लोकतांत्रिक व्यवस्था सक्षम स्वयं सेवी संगठनों के अलावा चल नहीं सकती और यह आज साबित हो गया है। आप भी जाकर आए हैं, जो भी कार्य पुनर्रचना का, गांव निर्माण का है, इसमें न महाराष्ट्र शासन है, न केन्द्रीय शासन है, जो कर रहे हैं वे सभी स्वयं सेवी संगठन हैं। कोई सरकार आज वहां गांव बसाने का काम नहीं कर रही है, वे कर रहे हैं। सरकार वर्ल्ड बैंक के पैसे की तरफ देख रही है, आप उस पर चर्चा में फंस गए हैं, उस पर बाद में आऊंगा कि आपको क्या करना चाहिए। लेकिन जो कुछ काम पुनर्निर्माण का आज चल रहा है उसमें सबसे बड़ा हिस्सा आज स्वयं सेवी संगठनों का है और इसकी कद्र करनी चाहिए। सरकार कभी-कभी उन्मत्त बन जाती है, कभी-कभी अहंकारी बन जाती है, कभी-कभी शक्ति का उसे एक ऐसा गर्व प्राप्त होता है कि जैसे उनके द्वारा ही देश चल रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था जनता की शक्ति पर चलनी चाहिए और चल रही है। इतनी विकट अवस्था में इसका एक नया रूप हम वहां देख सकते हैं। इसमें कई संस्थाएं हैं, हम जब गए थे तो हमने देखा कि सैंकड़ों संस्थाएं हैं। कुछ-न-कुछ, यह नहीं कि हम बहुत बड़ा करते हैं, सेवा दल के लोग वहां कोई रिकंस्ट्रक्शन, गांव नहीं बांध रहे हैं लेकिन मन बांध रहे हैं। विद्यार्थी उसके प्रति उसका परिवार और परिवार के साथ गांव। Our approach is to the students, through the students to the families and through the families to the village. यह है हमारी एप्रोच। इसलिए उसका भी जो आपने जिक्र किया है, मैं इसके लिए भी आपका धन्यवाद देता हूं कि इसका भी आपने ध्यान रखा है।

अब मैं आपसे जो सवाल पूछने वाला हूं, उससे शुरू करता हूं। आप जरा देखें, मेरा ही कथन था 3 दिसम्बर को। अब सरकार गलत कहे, ध्यान न देने वाली कहें, उपेक्षा करने वाली कहें, संवेदना शून्य कहें, जो कुछ कहना है कहें, कम से कम जो लोगों की मृत्यु की संख्या है, इसमें कम से कम एक राय होनी चाहिए। अब आपका जवाब देखिए, आपका जवाब है 3 दिसम्बर का। अपने जवाब में आपने कहा है कि मृतकों की संख्या 7,601 है। मैं यह मानता हूं कि आपकी संख्या महाराष्ट्र सरकार ने जो कुछ आपको लिख कर बताया होगा, उस पर ही आधारित हो सकती है, दूसरा कोई रास्ता नहीं है। अब हमारी महाराष्ट्र सरकार को देखिए। मैं एक तारीख को सचिवालय गया था, क्योंकि मुझे मालूम था कि तीन

तारीख को यहां मेरा सवाल है। सरकार की तरफ से दो प्रकाशन मेरे हाथ में हैं। एक तो छपी हुई किताब है जो सारे संसद सदस्यों को मिली है। लेकिन मैं खुद वहां था और प्राईम मिनिस्टर साहब जिस दिन आ रहे थे उसके बाद वाली नोट है जो मेरे हाथ में है : क्या कहती है महाराष्ट्र सरकार : Loss of human life—7,601.

Extent of damage. तो यह है उसका शीर्षक। इसमें कहते हैं कि :

"It is now clear that 67 villages in two districts covering a population of 1.4 lakh people have had at least one casualty."

Now, "9782 bodies have been recovered." *This is what the Government says.* Now, what does this book say? At page 28, their book says :

"Calamity. Chapter II of the Official Book of the Government.

"*2.03—Human Toll—A large number of* people numbering 7582 losot their life due to the earthquake and as many as 60,000 are there."

अब हमको बताइए कि कौन-सी फिगर सही है। Why are you so callous about the human bodies? I can understand about the houses.

16 हजार के बजाय 17 हजार हो सकता है? क्या सरकार इसका अंदाजा नहीं लगा सकती कि इसमें कितने लोग मारे गए हैं। एक नोट में वह 9782 कहें और आप कहते हैं 7601 और सरकार छपी हुई किताब में कहती है 7582, What is the fact? आप जरा इसका जवाब दीजिए। I feel very hurt that this Government is so callous about the human life.

बहुत आपने कहा है अपनी सरकार के बारे में, मैं भी कहता हूं कि सरकार क्या है। Is this the Government which cannot give exact figure of the human bodies, leave apart the animals and the houses?

तो जरा इसका आप हमको जवाब दीजिए कि सही क्या है। हमारी महाराष्ट्र सरकार बड़ी अकलमन्द सरकार है, उसने यह नहीं कहा कि यह फाइनल फिगर है। बड़ी सावधानी से उन्होंने लिखा है कि – रिकवर्ड बॉडीज। यह नहीं कहा कि "This is the final figure." मैं यह मानता हूं क्योंकि मैं इस इलाके में घूमा हूं। मैं यह कहता हूं कि अब बहुत ज्यादा संख्या होगी, यह बात सही नहीं है। बहुत पुराने मकान हैं। मेरा गांव वहां से 80 कि० मी० दूर है। मेरा सौ-डेढ़-सौ साल का पुराना घर है। उस घर की दीवार भी गिरी है। वहां बहुत पुराने मकान हैं, बहुत ऊंचे मकान हैं, पत्थर और मिट्टी के ही सारे मकान हैं तथा और भी कुछ शव वहां हो सकते हैं। जो अंदाज अखबार वालों ने लगाया था वह सही नहीं निकलेगा, इतना मैं कह सकता हूं। *I am not very sure, but the Government* must come forward. अब इसका भी आपको जवाब देना होगा।

अब दूसरे, पैसे की बात है। हम क्या कहें, माननीय वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं। आप तो उनसे हीं लेते हैं, वह मैं जानता हूं। क्या दिया उन्होंने? महाराष्ट्र सरकार के दफ्तर से लाई गई पहली दिसम्बर की जानकारी मेरे पास है और मैं कहता हूं कि आपने कुछ नहीं दिया। You have done nothing. You are sitting tight saying. हमने कुछ बीज भेजा है, हमने 15 – 16 डॉक्टर्स की टीम भेजी है, हमने विकलांगों के लिए कुछ क्रचेज भेजे हैं। Is this the duty of the Central Government only? हमारे पास जो बयान हैं इसमें आपने लिखा है कि :

"The Government have released Rs 41.5 lakhs to assist the State Government in relief and rehabilitation mea-

sures. The State Government alone have so far spent Rs. 38.6 crores for rehabilitation measures." तो ये आपका है। हम आपको बताते हैं कि आपने जो जवाब दिया है मुझे 3 तारीख को, इसमें आपने कहा है कि इसको दो हिस्सों में हमने दिया है– करंट ईयर के लिए 25 करोड़ आपने आपत्ति कोष से दिया है और फिर आपने 41 करोड़ दिया है। समझिए कि दोनों को पकड़ कर हम चलते हैं। आपके आंकड़े में ही कोई गड़बड़ी है। यहां 41 कहा है, वहां 67 होता है। इस 41 में से ही यह 25 है, या नहीं यह मुझे मालूम नहीं है। These are all confusing figures. What exactly had you given under any head? आपका आपत्ति कोष हो या कुछ भी हो, आपने दिया क्या है? आपने आपत्ति कोष से क्या है? What is the demand? वर्ल्ड बैंक से जो बात कर रहे हैं इसमें 900 करोड़ की बात है यानी एक हजार करोड़ रुपए की मांग है। ये 900 करोड़ जो आवश्यक हैं, इसमें से आपने क्या दिया 67 करोड़? How can a State Government carry on any relief work? Because you must not forget that it is an investment and not a developmental activity. आपने खुद के निवेदन में कहा है कि वर्ल्ड बैंक से जो पैसा आप मांग रहे हैं वह डेवलपमेंटल ऐक्टिविटी नहीं है। वह इन्वैस्टमेंट है। Because you have to restart the whole thing. आप संतुष्ट हैं इस बात पर कि हम 67 करोड़ दे चुके हैं। क्या करेगी सरकार? आप कहेंगे कि कटौती करिए वहां पर "You finish with your developmental activity." सरकार कहती है कि आप नहीं करेंगे तो 20 प्रतिशत कटौती होगी। इसके परिणाम स्वरूप महाराष्ट्र के विकास का क्या होगा? Is there no responsibility on the Central Government to go to the people?

आप दौरा करके आए। प्रधानमंत्री जी वहां गए थे। मैं उस दिन वहां था। उन्होंने कहा कि मैं 50 करोड़ रुपए दूंगा। वह 50 करोड़ तो आपने मृतकों के परिवारों के लिए दिए हैं। जो हिसाब-किताब लगता है उसमें 49 करोड़ लगते हैं, यह हम देख चुके हैं। तो होगा क्या? 900 करोड़ की व्यवस्था जब होगी, तब होगी। वर्ल्ड बैंक की जो प्रारंभिक रिपोर्ट है, वह मेरे पास है। उसमें उन्होंने कहा है कि हम 1994 में देंगे। जल्दी करिए। जल्दी कैसे होगा? मुझे लगता है कि फरवरी के पहले कुछ होगा नहीं। जो आपकी प्रिलिमनरी रिपोर्ट जाएगी उसके बाद अंतिम रिपोर्ट के लिए वे लोग यहां आएंगे और उनके आने के बाद पैसा रिलीज होगा। तब वे कहां से घर बना सकते हैं?

हमारे महाराष्ट्र सरकार के जो मुख्यमंत्री जी हैं, वे अति उत्साह में कुछ बातें बोल जाते हैं। उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को काम शुरु होगा और 26 जनवरी को पूरा हो जाएगा। यह बात सिर्फ स्वप्नवादी आदमी ही कह सकता है। कोई वास्तविकता वाला आदमी नहीं कहेगा। अब पता लगा कि पैसा नहीं है तो उन्होंने कहना शुरु कर दिया है ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : जरा संक्षेप में आपको बोलना पड़ेगा। आप प्रश्न पूछ लीजिए।

DR. BAPU KALDATE : I have requested my party colleagues not to speak on this subject. I told them that I am from that area and I would speak. My colleagues are not participating in this debate. Therefore, I request you to give me some more time.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra) : I know the reality because I come from that area.

डा० बापू कालदाते : उन्होंने उत्साह से इसके लिए कहा। मैं मानता हूं कि इससे नयी प्रेरणा लोगों में पैदा हुई हो। विश्वास बढ़े मैं उनके उत्साह का विरोध नहीं करता हूं। मैं उनके उत्साह का स्वागत करता हूं। लेकिन जो कुछ

वह कहें वह वास्तविकता से जुड़ा होना चाहिए। अब उन्होंने कहा है कि मैं बरसात के पहले काम पूरा करूंगा, जून तक। जून तक कैसे हो सकता है? Until and unless you go over there, the Central Government must such with assistance आप 26 को गए थे, वहां टेम्परेरी शेड्स के दरवाजे नहीं हैं। परसों बात की गई तो टिन के दरवाजे लाए हैं, नीचे से जमीन है, इतनी सर्दी है कि पूछिए मत। इतनी सर्दी में रात कैसे बिताएंगे और बरसात तक पूरे नहीं हो पाएंगे तो कैसे वह लोग रहेंगे? मैं रात में वहां रहा हूं, औरतें रात-रात भर चिल्लाती हैं, वह मरे हुए की लाशों को भुला नहीं सकती हैं because they cannot forget the dead bodies; they cannot forget the burning over there. A total community burning was there. They cannot forget it. क्या हम इनके लिए कुछ नहीं करना चाहते? सरकार क्या करने वाली है? बरसात तक काम पूरा करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को किस ढंग से सहायता देने वाली है, यह हमें बताइए।

आपने कहा है कि 30 गांव स्वयं सेवी संस्थाओं को एलाट कर दिए हैं, वह सही नहीं है। महाराष्ट्र सरकार का कागज मेरे पास है, 24 अक्टूबर और 9 नवम्बर को जो गांव एलाट किए गए उसमें ज्यादा एक गांव भी एलाट नहीं हुआ। यह बात सही है कि सरकार की मंशा और संस्थाओं को देने की है, उस्मानाबाद में 10 और लातूर में 10 कुल 20 गांव एलाट किए गए हैं, वहां कितना काम ढीला चल रहा है, मैं देख कर आया हूं। सीमेंट लाओ हैदराबाद से, लोहा लाने के लिए कहीं और जाओ, मैसनर्स को लाने के लिए कहीं और जाइए। इस कारण जो रफ्तार सरकार के मन में है उसमें काम होगा ऐसा नजर नहीं आता। हमको यह बताइए कि कौन सा आंकड़ा सही है, 20 का सही है या 30 का सही है। अगर 30 का सही है तो जो कागज हमारे पास है सरकार का इसके बारे में बताइए।

मैं एक और बात कहूंगा और वह है वर्ल्ड बैंक की। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार वर्ल्ड बैंक जिन शर्तों पर ऋण देने जा रही है इसमें आप "दलाली" मत करो मैं जानता हूं क्या टर्म्स हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता क्योंकि जिन टर्म्स पर वर्ल्ड बैंक आपको देने वाला है वह बहुत लो-रेट पर दे रहा है, अति अल्प-रेट जिसको मराठी में दीर्घ मुदति, लांग टर्म कहते हैं, वह काफी लंबी अवधि का है लेकिन मेरी जानकारी यह है कि केन्द्रीय सरकार उसका ब्याज बढ़ाना चाहती है और उस काल कम करना चाहती है। यह नहीं करना चाहिए।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI MANMOHAN SINGH): If you like, I will explain right now.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): I have discussed with the Finance Minister. (*Interruptions*).

DR. BAPU KALDATE: Let him say that.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Mr. Desai, let him say that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please, Mr. Desai, let him speak.

डा० बापू कालदाते: आप मुझे माफ करिए, मैं कल नहीं था। मुझे कोई एतराज नहीं है आपसे माफी मांगने में। आपने पहले किया होगा, उसका श्रेय आपको चाहिए तो भी मुझे एतराज नहीं है...

SHRI JAGESH DESAI: I do not want any "shreya". I have done it for the purpose of humanity. I have raised it in the House. They should give us on the same terms. This is not a developmental piece of work. This is for a national disaster. If you get world Bank aid for such a disaster, you pass it on to the State concerned, on the same conditions as those of the World Bank. I discussed it with him. He says whatever he is offering is better. I want to plead with the Finance Minister. Let the Maharashtra Government decide which is

favourable you give us on the same conditions. If the offer by you is better, they will decide.

डा० बापू कालदाते : यह मनमोहन सिंह जी हमको बता सकते थे। मैं आपकी बहुत इज्जत करता हूं यह आप जानते हैं। इस सदन के सभी सदस्यों की मैं बहुत इज्जत करता हूं। मैं यह कहता हूं, मेरी यह मांग है कि जिन शर्तों पर वर्ल्ड बैंक पैसा देगा, जो महाराष्ट्र सरकार के लिए उचित होगी वही शर्त पर केन्द्रीय सरकार को पैसा देना चाहिए। दूसरे आपकी तरफ से कोई कंडीशन उन पर नहीं होनी चाहिए। यह मैं आप से कहने जा रहा हूं।

सबसे बड़ी बात यह है कि वहां आज तुरन्त सीमेंट और लोहे के भंडार की आवश्यकता है। वहां कुछ नहीं है। सीमेंट बाहर से आ रहा है। Why not the Central Government have a depot one at Latur and the other at Umargaon from where the people, who are constructing houses, can get cement immediately? आज नहीं मिल रहा है जिसके कारण वहां काम नहीं हो रहा है। सेल से तुरन्त कहिए कि एक भंडार लोहे का, स्टील का उस्मानाबाद और लातूर दोनों हैडक्वार्टर में होना चाहिए। जब तक वहां लोहा नहीं होगा, जब तक वहां सीमेंट नहीं होगा, जब तक पानी की व्यवस्था नहीं की जाएगी तब तक मकान सक्षम और सुदृढ़ नहीं बन पायेंगे। जब वर्ल्ड बैंक का पैसा आएगा तो कहीं ऐसा न हो कि आपके पास लोहे का भंडार ही न हो, वर्ल्ड बैंक का पैसा आए और आपके पास सीमेंट का भंडार हो न हो। वर्ल्ड बैंक का पैसा आयेगा तो पानी की कोई व्यवस्था न हो।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी० नारायणसामी) पीठासीन हुए।

पानी की बात इसलिए कह रहा हूं आपने भी देखा होगा महाराष्ट्र गवर्नमेंट के मन में गांव के पुनर्वसन करने की कल्पना है। उसमें थोड़ी-बहुत तबदीली करनी पड़ेगी। आपकी केन्द्रीय सरकार ने वहां का इलाका इन्सेट से देकर बताया है। उसमें कई जगह पर आगे जाना चाहिए। यह बात सही है कि काली मिट्टी पर घर बांधना नहीं चाहिए। हमने सारे नक्शे देखे हैं। सारे पुराने गांव नदियों के अगल बगल में बैठे हैं। इस भूकम्प का परिणाम यह हो गया है कि नये गांव नदियों से हट गए हैं। वहां यह हालत है कि एक हजार फीट नीचे तक जायेंगे तो वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल रहा है। यह आज की अवस्था है जब कि पानी बहुत है। सही माने में पानी की व्यवस्था करनी है। अब महाराष्ट्र सरकार ने राजस्थान सरकार से ड्रिलिंग मशीन मांगी है जो हजार, डेढ़ हजार फीट अन्दर तक जा सकती है लेकिन पानी का स्तर नीचे होगा क्योंकि गांव पीछे हट गए हैं इन गांवों के लिए आपने पानी की क्या व्यवस्था की है। हमने सरकार से बात की है माकनी नाम का एक डैम उस इलाके में है लातूर जिले के जो 20 गांव हैं उन गांव के लिए अगर पानी देना है तो पाइप लाइन से "माकनी" में से दें। वहां काफी पानी है। अगर पाइप लाइन का इंतजाम है या पावर इंजन, मोटर का इंतजाम है तो वे पाइप से पानी दे सकते हैं। ऐसा इंतजाम अगर तुरन्त होगा तो गांव के पुनर्वसन के साथ-साथ उनके पानी का भी इंतजाम हो सकता है। नहीं तो आप गांव वहां बसायेंगे और पानी के लिए नदी की तरफ 8-10 किलोमीटर लोगों को जाना पड़ेगा। यह हालत नहीं होनी चाहिए। मैं कहता हूं एक नई शास्त्रीय वैज्ञानिक दृष्टि से पुनर्रचना का काम देखना चाहिए। मैं वहां लोगों को लेकर घर देखने के लिए जाता हूं। वहां कई मजेदार सवाल उठते हैं। वहां देहात वाले लोगों की अपने घर की संकल्पनाएं हैं और हमारे जो बिल्डर्स लोग होते हैं उनकी संकल्पनाएं और हैं। दोनों में बहुत अन्तर है। इसमें मैं नहीं जा रहा हूं। मैं इतना ही कहता हूं कि पानी की व्यवस्था करनी होगी। इसके बारे में केन्द्रीय सरकार को सोचना होगा कि पाइपलाइन को ले जाने के लिए आपको क्या करना पड़ेगा। Because the quality of construction also depends on water.

अगर पानी नहीं मिलेगा तो आपका कंस्ट्रक्शन भी ठीक नहीं रहेगा। इसके बारे में आप कुछ करिए। जैसा मैंने कहा स्टील और सीमेंट के भंडार चाहिए। महाराष्ट्र सरकार की एन०बी०सी०सी० से बात हो गई है। वह प्री-फेबरीकेटेड ईंटें बनाते हैं। यह बड़ी अच्छी गवर्नमेंट अंडरटेकिंग है जो विदेशों में भी ऐसे कामों के लिए जाती है। हम कहते हैं कि उनका एक यूनिट वहां बनाया जाए। एन० बी०सी०सी० का एक यूनिट लातूर और उमरगा गांव में होना चाहिए। आज आप वहां जाकर देखिए, ईंटों के लिए कहां जाना पड़ता है, सीमेंट के लिए कहां जाना पड़ता है। So, you must be ready with the infrastructure for houses. आपने इसके लिए काम नहीं किया है, यह मुझे बुरी बात लगती है।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि पुराने गांवों को सरकार कब्जे में ले रही है। एक दूसरे गांव हो जाएंगे और गांव उजड़ जाएंगे। नये पर्सपेक्टिव प्लानिंग में सरकार को इस बात को सोचना चाहिए कि जो आपके पास वाटर डेवलपमेंट बोर्ड है उसको आप कहें पुराने गांवों में पर्यावरण की व्यवस्था करें। इन पुराने गांवों में अच्छी जमीन है, उपजाऊ जमीन है जो सरकार के कब्जे में आने वाली है। जहां-जहां पर पुराने गांव धंस गए हैं, उनके लिए दूसरी व्यवस्था की है उन सब गांवों में तुरन्त आप रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री और वाटर लैण्ड डेवलपमेंट बोर्ड, इन सब को करें कि वहां तुरन्त जाएं और देखें और महाराष्ट्र सरकार की पर्यावरण की जो व्यवस्था है और राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय सरकार के जो पर्यावरण के लोग हैं वे मिल कर इस काम को देखें। वहां पर मकान दिये गए हैं और स्वयं सेवी संगठनों ने मकान दिये हैं। हम लोगों का काम है कि एन० सी०सी० सेवा दल के कैम्प लगायें और वहां पर जैसे युवा संस्थाओं के पौधे लगाने का काम करें। मकान और घर नये पर्यावरण में बनेंगे उस दिशा में हमें कदम उठाने चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सरकार सुस्त है, टोटली सुस्त है क्योंकि सरकार की तरफ से कुछ नहीं किया गया है। यह सुस्ती नहीं चलेगी। लोगों में असंतोष फैलेगा। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आपका यह बर्ताव मनुष्यता के खिलाफ होगा, मनुष्यता के सौहार्द और सहवेदना के खिलाफ होगा। इसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इसलिये आप क्रियाशील हो जाइए। जो आशायें नये जीवन के लिए पैदा करनी हैं उन आशाओं के साथ आपको मेल बैठाना पड़ेगा। अगर आप इसमें मेल बैठाएंगे तो नये गांव, नया समाज निर्माण करने का श्रेय जनता को, स्वयं सेवी संगठनों और सरकार को मिलेगा। इस दिशा में आप क्या करना चाहते हैं, इन सवालों का आप जवाब देने की कृपा करें।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : मान्यवर, महाराष्ट्र तथा उसके आस पास के इलाकों में विशेषकर लातूर और उस्मानाबाद जिलों में भूकम्प के रूप में जिस अभूतपूर्व प्राकृतिक त्रासदी का सामना हमारे राष्ट्र को करना पड़ा, वास्तव में वह सिर्फ महाराष्ट्र की नहीं, हमारे राष्ट्र के लिए एक राष्ट्रीय त्रासदी थी और इस राष्ट्रीय त्रासदी को समझते हुए हमारे देश को इससे भविष्य में सबक लेने की जरूरत है। हमारे देश के लोगों ने इस अभूतपूर्व प्राकृतिक त्रासदी को एक राष्ट्रीय त्रासदी समझते हुए जिस तरह से हर संभव प्रयास किये, हमारी जनता के हर हिस्से के लोगों ने जिस तरह इस त्रासदी को झेलने में और इस त्रासदी में जो लोग फंस गए थे उनको जो हर संभव सहायता की और जिस तरह से पूरे प्रयास किये वे निःसंदेह सराहनीय हैं। मैंने मंत्री महोदय का बयान देखा है और खास करके हमारे मंत्री महोदय ने अपने बयान में यह कहा है कि सरकार द्वारा किये गए राहत और पुनर्वास उपायों पर वक्तव्य देने के लिए सदन की अनुमति चाहता हूं। मुझे यह कहते हुए अफसोस होता है कि हमारे मंत्री जी इस त्रासदी के ढाई महीने के बाद यह वक्तव्य रख रहे हैं। इसके बाद पुनर्वास का जो ब्यौरा मैंने देखा है, निःसंदेह वह सिर्फ एक सतही वक्तव्य के अलावा कुछ नहीं है। माननीय मंत्री जी ने सिर्फ ऊपरी-ऊपरी बातें कही हैं। क्या ठोस

रूप में कार्य किया जा रहा है, इसका कोई स्टीक ब्यौरा मंत्री जी के वक्तव्य से मुझे नहीं मिलता है। आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी विनाश लीला हुई, उसके बाद आज तक जो स्थिति है उससे पता चलता है कि वहां पर टिन के घर बने हुए हैं जिनको घर नहीं कहना चाहिए। खाली टीन की छत लगी है जिनमें न तो दरवाजे हैं और न खिड़कियां हैं। वे वहां ठंड से कांप रहे हैं और बारिश से भीग रहे हैं। ऐसी भयावह परिस्थिति जहां है, जिन परिस्थितियों में वहां मनुष्य रह रहे हैं उसको देखते हुए क्या मैं मंत्री महोदय से पूछ सकती हूं कि उन्होंने कौन से ठोस उपाय वहां किए हैं? मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहती हूं कि क्या आपने इस तरह का कोई सर्वे करवाया है, इस तरह का कोई सर्वेक्षण करवाया है कि इतनी बड़ी प्राकृतिक त्रासदी के बाद इन गांवों में किस तरह लोग रह रहे हैं, वहां की आबादी का विन्यास क्या है, कितने वहां निराश्रित लोग हैं, कितनी निराश्रित महिलायें हैं, कितने बच्चे अनाथ हैं और उनको किस तरह की सहायता की जरूरत है? जब तक आप इस तरह का सर्वेक्षण नहीं करेंगे तब तक आप आपको मालूम नहीं पड़ेगा कि उनको किस तरह की सहायता की जरूरत है। मेरी जहां तक जानकारी है वहां बहुत सारे बच्चे ऐसे हैं जो अनाथ हैं और आज उन अनाथ बच्चों के बहुत से दावेदार उठ खड़े हुए हैं कि ये हमारे बच्चे हैं। सरकार, पता नहीं शायद उनको जमीन दे रही है और रिश्तेदार बन कर उस सहायता को हड़पने की कोशिश की जा रही है। मैं यह कहना चाहती हूं कि जो सहायता तमाम तरीकों से हमारे देश की जनता जुटा रही है, ताकि इस प्राकृतिक विपदा में फंसे लोगों को वास्तविक सहायता मिल सके। इसलिये यह सरकार का दायित्व है कि वह देखे कि जिन लोगों को वास्तव में सहायता की जरूरत है, उन्हीं को सहायता मिले। अगर सरकार इस पर नजर नहीं रखेगी तो निस्संदेह जो जरूरतमंद लोग हैं उनको सहायता नहीं मिलेगी।

मेरा दूसरा आपसे सवाल यह है कि आपने अपने वक्तव्य में भी कहा है कि भूकम्प के संबंध में जो सर्वेक्षण किया गया, जो मान्यतायें थी वे मान्यतायें सही साबित नहीं हुई हैं। आपने इसके लिये एक नई कमेटी का गठन किया है। उस कमेटी ने अपनी सिफारिशें सरकार को दे दी हैं। मैं यह जानना चाहती हूं कि यह जो महाराष्ट्र के लातूर और उस्मानाबाद जिले थे, क्या इनके बारे में भी पहले से इस तरह की जानकारी थी? अखबारों में आया है कि यह क्षेत्र भूकम्प प्रभावी क्षेत्र था। तो भूकम्प प्रभावी क्षेत्रों को देखते हुए आपने कौन से ऐसे उपाय किये ताकि इन इलाकों में विशेष तरह के भूकम्प के झटके झेलने वाले बनाये जा सकें या इन लोगों को दूसरे स्थान पर भेजने की क्या कोई पूर्व योजना बनायी? जब कि इस मामले में पहले से ही आपको कई संकेत मिल चुके थे तो आपने क्या किया? बहरहाल जो कमेटी बनी है तो उस कमेटी की जो सिफारिशें हैं, मैं यह जानना चाहती हूं कि इस कमेटी ने आपको क्या सिफारिशें दी हैं, उस इलाके के बारे में क्या सिफारिशें आयी हैं और उन सिफारिशों को देखते हुए आप क्या करने जा रहे हैं?

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहती हूं कि यह जो इलाका है–महाराष्ट्र के लातूर और उस्मानाबाद जिलों की हालत यह है–मैं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में कहना चाहती हूं–लातूर और उस्मानाबाद जिलों से आपरेशन करवाने के लिये उन्हें मुंबई भाग कर जाना पड़ रहा है। उनके लिये नजदीक में किसी तरह के कोई आपरेशन सेंटर की व्यवस्था नहीं की गयी है। तो मेरा यह सवाल है कि क्या यह मुमकिन नहीं है कि उनके लिए इस तरह की व्यवस्था की जाए?

इसके साथ ही क्या यह सही है कि महाराष्ट्र सरकार ने यह कहा है कि अब किसी तरह का दैनिन्दन खर्चा चलाने की स्थिति में नहीं हैं। इस लिये कमाइए और खाइए। लेकिन उस इलाके की हालत क्या है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Madam, you have to conclude now.

SHRIMATI SARALA MAHESHWARI: I am going to conclude.

जो खिलाड़ी का इलाका है वहां जो शुगर मिल थी वह शुगर मिल ठेके हो चुकी है। उसमें बड़े-बड़े झटके लगे और वह चलने की हालत में नहीं है। वहां पर थोड़ा-बहुत उद्योग के नाम पर जो फैक्टरियां थी वे फैक्टरियां भी बंद हो चुकी हैं। आपके चीफ मिनिस्टर, महाराष्ट्र सरकार कहती है कि हम दैनन्दिन खर्चा नहीं चला सकते, कमाइये और खाइये। लेकिन जब तक आप उनको वैकल्पिक साधन नहीं देंगे तो किस तरह कमायेंगे और खायेंगे? एक तो इस प्राकृतिक त्रासदी के कारण आदमी वैसे ही अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और फिर आपकी सरकार यह कहती है कि जाइये आप अपने आपको संभालिये, हम कुछ नहीं कर सकते। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि क्या यह आपके लिये संभव नहीं है कि जो इतनी बड़ी सहायता आ रही है उस सहायता को सही रूप में इस्तेमाल करते हुए जो जरूरतमंद लोग हैं उनके लिये वैकल्पिक रोजगार के साधन आप मुहैय्या करवायें। यह बहुत जरूरी है और तभी आप कुछ कर पायेंगे। उपसभाध्यक्ष महोदया, हमारे देश में जो भोपाल त्रासदी हुई थी उस त्रासदी से पीड़ित लोग आज तक मुआवजे के लिये दिल्ली में अपने पैर चटकाते हुए आते हैं लेकिन आज तक उनको सही मुआवजा नहीं मिला है।

6.00 P.M.

तो क्या हम यही सबक लेते हैं अपनी प्राकृतिक त्रासदियों से? इसलिए मैं यहां पर यह चाहती हूं कि मंत्री महोदय इन त्रासदियों से सबक लेते हुए भविष्य में इस तरह की योजनाएं बनाएं। इसके लिए वैकल्पिक रोजगार के साधन जुटाने की आवश्यकता है, शिक्षा की व्यवस्था बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चों की पढ़ाई छूट चुकी है, पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए उनके लिए स्कूलों की व्यवस्था करें और पानी की व्यवस्था करें। उनको रोजमर्रा की जरूरत की चीजें आवंटित की जाएं। इंसानों को इंसान की तरह रहने के लिए जो न्यूनतम आवश्यकताएं हैं उनकी आप पूर्ति करें। कम से कम ऐसा न हो कि सामान पड़ा रहे और आप सही रूप में उसका वितरण न कर पाएं। अभी अखबारों में ऐसा आ रहा है कि सामान का वितरण नहीं हो रहा है और चीजें काला-बाजार में पहुंच रही हैं। इसलिये मैं चाहूंगी कि आपने अब तक पुनःविस्थापन के जो कार्य किये हैं उनका पूरा ब्यौरा दीजिए। आपकी भावी योजनाएं क्या हैं, किस तरह से आप काम करेंगे, महाराष्ट्र सरकार की कौन-सी योजनाएं हैं, उनका भी एक चित्र आप हमारे सामने रखें तो शायद स्थिति कुछ स्पष्ट हो। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Hon. Members, there are 20 more names. I request the hon. Members to cooperate and not make speeches.

SHRI B. K. HARIPRASAD (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, the hon. Minister for Agriculture, in his statement on the recent earthquake in Maharashtra and adjoining areas of Karnataka, has only made a passing remark to the tragedy of earthquake in Karnataka.

While I agree with the hon. Minister that losses were comparatively minor in Karnataka, it is uncharitable to ignore Karnataka's case altogether. May be, in his overwhelming emotion and sympathy, he has monopolised the misery to highlight the case of Maharashtra alone. Nobody would grudge Maharashtra's claim for a major part of the relief package, but the question is whether the Centre was inclined to rush a pro-rata quantum of relief supplies and funds to Karnataka. The Government of Karnataka was left to fend for itself, scraping the bottom of its already depleted coffers, for relief operations.

While the Killari earthquake was a national tragedy with nationwide sympathy pouring in, the lesser mortals across the Karnataka border were left with apathy and agony.

This situation is apply reflected in the old saying, 'A' million deaths are statistics: but a single death is a tragedy'.

As if this neglect by the Centre on the earthquake episode was not enough, the people of Karnataka soon awoke to another tragedy—heavy rains and flash floods during October 1993 causing extensive damage and devastation throughout Karnataka. A tragedy of this magnitude should have jolted the conscience of the Centre to rush aid to the people of Karnataka. But there was no solace or relief forthcoming from the Centre.

The irony of the situation is that while Maharashtra was overwhelmed with relief supplies and funds for the quake-hit areas far in excess, calling a stop to further inflow, the State of Karnataka is still languishing with no funds available for relief operations.

It would be a travesty of justice if Karnataka's claim for a Central grant-in-aid is not considered with the same measure of compassion and expediency by the Centre.

In the statement the hon. Minister has said, "A Committee set up by the Government of India to look into the inadequacies of the existing seismic survey reports and to recommend corrective measures has submitted its report." Even now it has been reported that some slight tremors have been noticed in some parts of Karnataka. I would request the Minister to go through that report and do something before it is too late.

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, Sir I would first of all, place on record my personal appreciation as well as the appreciation of the House for the tremendous effort which has been put in by the people of Maharashtra, by the people affected in the areas, by the voluntary agencies and most of all the leadership which has been provided by the Chief Minister of Maharashtra, Shri Sharad Pawar who has led the most herculean effort in the shortest space of time and last but not the least, the personnel of the Indian Army. It has once again shown itself to be equal to any disaster, any situation, any where in the country. Sir, before I put my questions, I would like to point out to the House what the real situation on the ground is like. Various categories have been made of the kind of damage that has taken place. I would like to point out two districts. I will take two minutes. In Latur, Category A(i), out of 9,134 houses, 8,690 are fully destroyed and 444 are partially destroyed. In Category A (ii) in Latur, out of, 432 houses, 835 houses are fully destroyed and 3,186 are partially destroyed. In Cataegory A(iii) in Latur, out of 1,446 houses, 429 houses are fully destroyed and 997 are partially destroyed. In District Osmanabad, Category A(i), out of 12,042 houses, 7,949 are fully destroyed and 4,059 are partially destroyed in Category A(ii), Osmanabad, out of 2,418 houses, 7 are fully destroyed and 2,246 are partially destroyed. In Category A(iii) Osmanabad, out of 2,286 houses, 487 are fully destroyed and 1,550 are partially destroyed. I shall now give the District-wise summary of houses damaged. The total number of villages affected in Latur is 817 and the number of houses damaged is 71,969. In Osmanabad; the number of villages affected is 374 and the number of houses damaged is 42,083. In Solapur, the number of villages affected is 523 and the total number of houses damaged is 19,735. The list goes on and I do not want to read the whole list. I want to give the total figure of the villages affected in the State of Maharashtra. The total number of villages affected is 2,519 and the total number of houses damaged is 1,40,037. That is the enormity of this disaster. Sir, the rehabilitation package has been well thought out by the Government of Maharashtra. I am giving these details because my question relates to the rehabilitation package. I would first like to place these details on record. For house and infrastructure which includes housing, roads and bridges, power supply, public buildings, irrigation, rural water supply, hydro-geological rehabilitation and police, the total amount required is Rs. 85,610 lakhs. For restoration of economic activity which includes agricultural activities, rehabilitation of artisans, rehabilitation of livestock

and social forestry, the total amount required is Rs. 3,110 lakrs. For provision of social services like strengthening the health infrastructure, education, women and child development, rehabilitation of below-poverty—line families which have got nothing left whatsoever—not even occupations are left—for these activities the total amount required is Rs. 6,440 lakhs. Other related activities like Disaster Rapid Action Deployment, and restoration of monuments require Rs. 1,620 lakhs. Of course, there are other contingencies. A vast amount of money have already been spent by the Maharashtra Government. Money amounting to Rs. 3,850 lakhs has already been spent. A part of this package will be available from the Government of Maharashtra. The Government of Maharashtra will have to divert a part of its development expenditure, a part of its Budget, towards this exercise. They have been promised over Rs. 41 crores by the Central Government. I think that a larger allocation is required. I would urge upon the hon. Minister: Would he consider making a large allocation from the Central resources, diverting some Central resources, towards the relief and rehabilitation operations ?

My next point is, in Para 10, he says that the World Bank has been referred to ; the World Banks has been asked for assistance amounting to Rs. 1,000 crores at a special rate and a World Bank team has already done some appraisal, has given a project report. They are going to go there again in the month of January. They will be spending two months on appraisal. That is the information I have. It is said here that the Board of the Bank is expected to consider the proposal for final approval early. I think, Sir, the hon. Minister could share with us when this 'early' is. At what particular point of time can we expect an official answer from the World bank ? When will the first disbursement of funds from the World Bank take place ? As has been said by my hon. friend, Dr. Bapu Kaldate, our main anxiety is that whatever the rehabilitation and reconstruction programmes are going to be, they should be carried out before the monsoon arrives. Time is of essence and that is why I want to know as to when this appraisal is going to be ready and when our first disbursement is going to come.

In Para 11, you say that the Government of India has appointed an Advisory Group and that its report has just been received. This is regarding construction of dwellig units, other buildings and infrastructure, namely, the technology and materials to be used n reconstuction. So some sort of a group has been set up. I would like to know as to what this report has to say because a lot has been said in the Press as well as in this House on the quality of construction. I may point out that most of the damage has been to those houses which were constructed on black soil. Wherever there was hard soil, there has not been much damage, rather the damage has been less. The intensity of the damage, the intensity of the calamity, has been far greater in those areas which have black soil. Obviously, soil has got something to do with it. Therefore, some different kind of construction would have to be followed in those areas where there is black soil. A similar construction has withstood the same shock on the hard soil because the construction techniques were the same in both these areas. I would like to know from the Minister as to what this report says. Has it made specific recommendations ? Can you share them with the House ?

My last question is regarding Para 12. It says that a task force to examine the need for seismic instrumentation and an Expert Committee for updating the project document on seismic observations are already at work. We are aware of it and the statement of the hon. Minister has made it clear that the past categorisation has not proved correct. We need to recategories the zones and it is obviously with that end in view that this task force has been set up. I would like to know from the hon. Minister as to by when this Expert Committee would give its report, and if it has already given some kind of an interim report, what this report has to say. Thank you, Mr. Vice-Chairman.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Shri G. G. Swell. Not present. Shri Brahmadeo Anand Paswan.

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान (बिहार) उपाध्यक्ष जी, हमारे कृषि मंत्री जी का जो बयान आया है, इस बयान में लातूर के भूकम्प का है कि 7,601 जानें गईं, 15,846 लोग घायल हुए और लगभग 19,000 मकान पूर्णतया क्षतिग्रस्त हुए। इतनी भारी संख्या में यह मौतें और क्षति, विनाश की मात्रा लोगों को हक्का-बक्का कर देने वाली थी। भारत सरकार ने सहायता के लिए 41.25 करोड़ रुपए दिए, जिसमें से महाराष्ट्र सरकार 38.6 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाई। महाराष्ट्र सरकार को काफी छूटें भी दी गई, सीमा-शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, आय-कर शुल्क को भी छूट कर दिया गया उस प्रान्त को, उस जिला को। मेरा मंत्री जी से यह कहना है कि विदेशों से भी दान आए, दाताओं ने भी दान दिए, विदेशी सरकार ने भी दान दिए, संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी दान दिए, गैर-सरकारी संस्थाओं ने भी दान दिए। यह जो इनसे सामग्रियां आईं, कहीं वही सामग्रियां ही तो हम नहीं दिखा रहे हैं, जो कि वहां काफी मात्रा में आई है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि देश से, विदेश से, स्वयं सेवी संस्थाओं से कितनी राशि आई कुछ मानवता की प्यास को बुझाने के लिए? मेरा पहला प्रश्न यह है।

दूसरा प्रश्न, महोदय, वहां के निराश्रितों को महिलाओं को, अनाथों को, जो शोषित हो गए हैं, जो पीड़ित हैं, जो निरीह और बेजान हैं, जिनके लिए पूर्ण रूप से पैकेज के लिए विश्व बैंक द्वारा एक हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव आपने रखा है, उसकी स्थिति क्या है?

महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि जब भूकंप आता है तो कोई कहकर नहीं आता है, जब आग लगती है तो कह कर नहीं लगती है, लेकिन इसी से जुड़ा हुआ मेरा यह प्रश्न है कि मेरे यहां चाहे भूकंप हो, चाहे आग लगी हो, चाहे बाढ़ हो, चाहे सुखाड़ हो, एक ऐसी दुर्दशा की घटना है, जो बराबर वहां होती रहती है। यह भूकंप कह कर न आए, लेकिन मेरे बिहार में जो बाढ़ और सुखाड़ है वह कह कर ही आता है क्योंकि निश्चित समय पर बाढ़ आती है। बाढ़ कहां आती है, जहां नदियां नहीं हैं? आपके बड़े-बड़े नगर हैं नदियों के किनारे, बनारस, काशी, पटना, बंबई, दिल्ली कानपुर, यहां बाढ़ नहीं आती है। बाढ़ कहां आती है? बाढ आती है देहातों में, जहां नदियां नहीं हैं। इस संदर्भ में स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने सन् 1989 में बिहार को बाढ़ नियंत्रण तथा जल निकास योजना के लिए, वहां के बाढ़ पीड़ितों के लिए, वहां के सुखाड़ के लिए एक टैक्नोलॉजी मिशन की स्थापना का वायदा किया था, जिसमें कि 500 करोड़ रुपए की योजना आपके पास आई हुई है और जिसे आपने आज तक स्वीकार नहीं किया है। स्वर्गीय राजीव गांधी जी स्वर्ग से देखते होंगे कि मैंने बिहार के लिए जो सपना देखा था वह अभी तक पूरा नहीं हुआ।... (व्यवधान) आपने दोरंगी बातें की। अभी वित्त मंत्री जी चले गए, मुझे उनसे पूछना था, वर्ष 1993-94 के लिए 870 करोड़ 21 लाख रुपए आपने रखे और अनुपयोगिता के नाम पर 200 करोड़ रुपए काट दिए।... (व्यवधान)...

मैं यह कहना चाहता हूं भाईयों, संसद सदस्य महोदय, कि यह भूकंप महाराष्ट्र में आया है, लेकिन मेरे यहां भूकंप साल में आता है। बाढ़ भी भूकंप है, सुखाड़ भी भूकंप है। जब बाढ़ और सुखाड़ कहीं आता है तो सभी प्रान्तों को रुपया दिया जाता है, मेरे यहां खर्चा हो जाता है और किसी प्रांत में खर्चा नहीं होता है, लेकिन बाढ़ और सुखाड़ का पैसा सभी प्रांत को दिया जाता है, तो मुझे ज्यादा देना चाहिए। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जो 200 करोड़ रुपए काटे गए हैं, इसको आप देना चाहेंगे या नहीं देना चाहेंगे?

श्री ईश दत्त यादव : सरकार की लापरवाही का बता रहे हैं।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : (महाराष्ट्र) उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें बहुत दुःख है, जैसे बापू ने बताया जो घटना घटी है, उससे मेरे गांव में भी कुछ दीवारे गिरी हैं और मेरे घर की भी दीवार गिर गई है। मनुष्य हानि तो नहीं हुई, मगर मेरे गांव से 80 किलोमीटर तक वह जो लातूर डिस्ट्रिक्ट है और वहां के गांव में जो घटना घटी, सुबह 3 बज कर 56 मिनट पर जब सारा भारत गहरी नींद सो रहा था, उस वक्त धरती फट गई और उसने हजारों लोगों को अपने उदर में ले लिया और उन्होंने अपनी जान गवां दी। सारा मराठवाड़ा विभाग नहीं, महाराष्ट्र, सारा देश और सारी दुनिया, संवेदनाशून्य हो गया। मदद का भी एक समंदर वहां आया। सारी दुनिया से मदद आई।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पहली बात तो यह है कि जिस बहादुरी से वहां के लोगों ने इस नैसर्गिक आपत्ति का मुकाबला किया, उसके लिए हम उन्हें जितनी बधाई दें, उतनी कम है। मेरे भी बहुत से रिश्तेदार वहां मर गए। एक मेरे मित्र, मेरे रिश्तेदार डा० पवार, उनके घर में सात लोग थे और इस भूकम्प में 7 में से 5 लोग गढ़ गए और वे लोग यहां तक गढ़ गए थे कि बाद में लोगों ने वहां जा कर उनको निकाला तो दो बच्चे बचे थे। यह तो है जो बॉडीज रिकवर हुई, यह तो उसका हिसाब है। मगर बहुत से लोगों ने जो मरे हैं, उन्हें निकाल कर सामूहिक दहन कर दिया, उसके बारे में कोई हिसाब है या नहीं, मुझे उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या आपके पास रिकवर्ड बॉडीज बाई दि आर्मी और पुलिस है, जिसके बेसिस पर आपने यह अनुमान लगाया कि सात या आठ हजार लोग मारे गए। पहली बार जो फिगर आए तो उसमें कहा गया कि 25,000 लोग मर गए। दूसरे रोज जो फिगर आई तो उसमें कहा गया कि 50,000 से ऊपर लोग मर गए। मगर मेरी जानकारी है कि शास्तूर एक गांव है और किलारी दूसरा गांव, शास्तूर में 12,000 में से 9,000 लोग मर गए और किलारी में भी 20,000 हजार में से 14,000 या 15,000 लोग मर गए। आज इस प्रकार से 68 गांवों में यह बहुत बड़ा कहर हुआ है। मैं हमारे महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं। 30 तारीख को सुबह मैं भी बम्बई में था। मैंने 7.00 बजे फोन किया तो मुख्य मंत्री के निवास से कहा गया कि बहुत बड़ा भूकम्प आया है किल्लारी में और मुख्य मंत्री जी 7.00 बजे हवाई जहाज से चले गए शोलापुर और वहां से किलारी जा रहे हैं। 4.00 बजे उनको खबर मिली, सारे मंत्रिमंडल के सदस्यों को उन्होंने 4.30, 5.00 बजे बुलाया, उन्होंने वहां मीटिंग ली और 7.00 बजे वे मुख्य मंत्री वहां से निकले, शोलापुर से दो घंटे लगते हैं, 10.00 बजे मुख्य मंत्री किलारी पहुंचे। यह एक असीम मानवता का बहुत बड़ा उदाहरण है। हिन्दुस्तान के इतिहास में ऐसा कोई राजा, कोई भी मंत्री या कोई भी प्रधान मंत्री नहीं होगा कि किसी आदमी की जान जाती है और तुरंत वहां का मुख्य मंत्री उठता है, अपने सहकर्मियों को लेता है, हवाई जहाज में बैठ कर सारे का सारा मंत्रिमंडल किलारी, लातूर और उस्मानाबाद में चला गया। भारत की सेना भी गई, जैसे हमारे भंडार साहब ने कहा, आर्मी ने बहुत अच्छा काम किया है। पुलिस वालों को तो मैं दोष देता हूं। पुलिस वालों ने तो मरे हुए मुर्दों के शरीर के अलंकार भी निकाल लिए, गहने भी निकाल लिए। उसके बाद जब यह पता चला कि कुछ पुलिस वाले भी एन्टी सोशियल हैं तो आर्मी के हाथ में दिया गया और आर्मी ने बहुत अच्छा काम किया। उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे मुख्य मंत्री ने 15 दिन अपना सचिवालय लातूर और शोलापुर में बैठा दिया। हमारे एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि वहां कुछ दवा का इंतजाम नहीं है। वे उस एरिया से परिचित नहीं है। लातूर में बड़ा अस्पताल है, उस्मानाबाद में बड़ा अस्पताल है और वहां से सौ किलोमीटर पर शोलापुर में बहुत बड़ा अस्पताल है और सारे लोगों का उपचार वहीं हुआ है, बम्बई में कोई नहीं गया। यह बिल्कुल सच है कि औरंगाबाद से, विदर्भ से, बंगलौर से, बम्बई से, पूना से

डाक्टरों की टीम वहां गई और उन्होंने हमारे जो लोग उनमें दाखिल हो गए थे, उनका इलाज किया।

मैं दूसरा धन्यवाद देना चाहता हूं, उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे प्रधान मंत्री जी को। 30 तारीख को यह घटना घटी और 4 अक्तूबर को मैं भी उनके दौरे में मौजूद था, वे गए। वहां जाने के बाद उन्होंने गांव का दौरा किया, वहां देखा। उन्होंने लोगों के आंसू पोंछे। उस वक्त मुझे याद आ गई इंदिरागांधी जी की और राजीव गांधी जी की। इंदिरा जी बेलची में कीचड़ में चली थी तथा कहीं हाथी पर बैठ कर गई थी और लोगों के आंसू पोंछे थे। उसी प्रकार हमारे भारत के प्रधान मंत्री श्री नरसिंहराव जी 4 दिन के अंदर लातूर और उस्मानाबाद गए और लोगों के आंसू पोंछे और उन्होंने कहा कि प्राईम मिनिस्टर रिलीफ फण्ड से हम 52 करोड़ रुपए दे रहे हैं। इसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं। इतना ही नहीं एक बात के लिए और बधाई दूंगा कि हमारे कृषि मंत्री जी भी वहां गए, वहां का उन्होंने दौरा किया तथा वहां का ब्यौरा लिया और पूरी मदद करने के प्रयास किए। एक बात मैं जरूर बयान करूंगा उपसभाध्यक्ष महोदय, 12 दिसम्बर को हमारे मुख्य मंत्री का बर्थडे था। नागपुर में लगभग चार लाख लोग, कार्यकर्ता इकट्ठे हुए थे। उन्होंने कहा कि वे कोई फूल की माला नहीं लेंगे तथा जिनको देना है वे भूकम्पग्रस्त लोगों को पैसा दीजिए। तो उसी जगह जनता ने उनको दस करोड़ रुपए दे दिए। इसको कहते हैं मानवता का दृश्य। गांधी जी कहते थे कि सबसे बड़ा धर्म मानवता का धर्म है और हमारे मुख्य मंत्री ने इसको बहुत अच्छी तरह से निभाया है। इसलिए मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं और उनका अभिनन्दन करता हूं। (समय की घंटी)

मान्यवर, अभी मैंने शुरू भी नहीं किया। यह जो भूकम्प के झटके आए—पहला झटका 3 बज कर 56 मिनट पर आया, दूसरा झटका 5 बजे आया और तीसरा झटका 5 बज कर 45 मिनट पर आया। इस प्रकार तीन झटके महसूस हुए। यह गांव उसमें भी था। उस गांव के सारे लोग तीन बजे उठते हैं बाहर काम पर जाने के लिए। तो वहां सिर्फ 25 लोग ही सोए हुए थे और वही मारे गए। बाकी 400 लोग बच गए, क्योंकि वे जल्दी उठते थे। यह सारी बातें मुझे मालूम हैं, क्योंकि वे हमारे करीब के लोग हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस क्षेत्र में जो नुकसान हुआ है—लातूर जिले में 817 गांवों में नुकसान हुआ है और उस्मानाबाद में 374 गांवों में नुकसान हुआ है। लातूर में 85,000 घर और उस्मानाबाद में 60 हजार घर गिर गए हैं। उसके अलावा भी महाराष्ट्र के सांगली, सतारा, सोलापुर, अहमदनगर, औरंगाबाद, नान्देण, परभनी ऐसे 11 जिलों में भी कम ज्यादा नुकसान हुआ है। तो यह सारी बातें हैं। कल ही मुख्य मंत्री ने मीटिंग में बताया कि कोयना डैम के परिसर में 30 सितम्बर से लेकर आज तक 1400 ट्रेमर के झटके लगे हैं।

It is not a small figure. Sir, 1400 tremors took place in the area of the Koyna dam.

तो यह जो है, यह तो बहुत अच्छी तरह से प्लानिंग करने की बात है।

मैं सिरफ एक ही बात कहना चाहता हूं कि प्राईम मिनिस्टर जी ने जो वहां के लिए प्राईम-मिनिस्टर रिलीफ फण्ड से 52 करोड़ डिक्लेयर किए थे, अभी एक पैसा भी वहां नहीं गया है। यह बहुत गलत बात है। प्राईम मिनिस्टर जी जब डिक्लेयर करते हैं तो नीचे की जो मशीनरी होती है, उनका यह काम होता है कि जो प्रधान मंत्री जी डिक्लेयर करते हैं तो वह पैसा तुरन्त वहां भेजा जाए। उपसभाध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी जवाब चाहता हूं कि वह 52 करोड़ रुपया कब गए हैं। मुझे कल ही पता चला है.. (व्यवधान) मैं राजनीतिक बात नहीं कह रहा हूं।... ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Jadhav, you have to seek clarifications only. You have taken more than ten minutes.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV : I am seeking clarifications, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Please be brief.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV : Sir, aid from the Prime Minister's Relief Fund is going to the people who have been affected in Latur and Osmanabad districts. I want a categorical assurance from the hon. Minister. If it has gone, I am the most happy person. If it has not gone, then please send it within a period of two days. That is my request.

दूसरी बात यह है कि वहां पूरा खर्चा कितना आने वाला है, यह महाराष्ट्र सरकार ने पूरा ब्यौरा दिया है।

डा० बापू कालदाते : वह पैसे मिल चुके हैं सरकार को। एक दिसम्बर को जो सरकार ने किताब दी है, उसमें कहा गया है कि 52 करोड़ रुपए उनको मिले हैं। यह बंटवारा सिर्फ मृत व्यक्तियों के लिए है और उसके बाद में बंटवारा अब शुरु हो गया है। मृत व्यक्ति के नजदीकी रिश्तेदार को ढूंढना यह कोई आसान बात वहां नहीं है। लेकिन पैसे मिल गए हैं, इतनी जानकारी आपको देता हूं।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : मैं इसके लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं। मैं दौरे पर था इसलिए मुझको सारी जानकारी नहीं हो पाई। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह खर्चा कितना आने वाला है और यह जो घर बनाना तथा जो मूलभूत समस्या है, उसके लिए पूरा 56.10 करोड़ का खर्चा आने वाला है।

आर्थिक कार्यक्रम का पुनर्स्थापन करने के लिए 31 करोड़ रुपए का खर्चा होने वाला है। सामाजिक सेवाओं के लिए 64.40 करोड़ का खर्चा होने वाला है और इसी तरह से जो टोटल खर्चा होने वाला है वह 1088.60 करोड़ है। उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ और जागतिक बैंक की तरफ से 9.79 करोड़ की मदद आने वाली है और महाराष्ट्र सरकार के अर्थ संकल्प में 108.86 करोड़ का प्रोविजन है। तो मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि चूंकि जागतिक बैंक की रिपोर्ट आ चुकी है, वे सर्वे कर चुके हैं, लोगों को जो घर बांधने हैं, कब बांधने हैं, कैसे बांधने हैं, उसके लिए जो पैसा वे देने वाले हैं, वह कब तक देने वाले हैं ? यह मदद कब आने वाली है, यह मैं जानना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि इस दुर्घटना के बाद हमारे देश में, हमारे मराठवाड़ा में सारी दुनिया से मदद आई। तकरीबन 91 देशों ने मदद दी है। अमेरीका ने 200 टन माल भेज दिया हवाई जहाज से, दवाईयां भेजीं, ओढ़ने के लिए कम्बल भेजे, कपड़े भेजे। तो जिन-जिन देशों ने हमारे गरीब लोगों के लिए ऐड भेजी है, उनका मैं धन्यवाद करना चाहता हूं और जो भी बातें हमारे कृषि मंत्री जी ने यहां कही हैं, मैं चाहता हूं कि मेरे जो प्रश्न हैं, उनका वे जवाब दें। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि ये 67 गांव हैं जो पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। वहां 100 परसेंट घर बर्बाद हो चुके हैं। मैं उसमें समय जाया नहीं करना चाहता। ये 67 गांव जो पूरी तरह से मिट गए हैं, उनके पुनर्वास का काम कब तक पूरा होने जा रहा है, वह मैं जानना चाहता हूं।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश के जो साईंरिस्ट हैं, उन्होंने उन जगहों का सर्वे किया है लेकिन उनको कोई जानकारी नहीं मिली है। मुझे जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक विदेशों से जुओलोजिस्ट यहां आने वाले हैं, अर्थक्वेक के एक्सपर्ट यहां आने वाले हैं, वह टीम कब आने वाली है, वह कब अपनी रिपोर्ट देगी और उस रिपोर्ट पर क्या अमल होगा, यह मैं जानना चाहता हूं। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Shri Giri Prasad He is not here. Shri Jagesh Desai.

SHRI JAGESH DESAI: Mr. Vice Chairman, Sir, first of all, we pray that the souls of those who were killed in this earthquake may rest in peace.

The Prime Minister immediately went there. He announced a Rs. 50 crores assistance. The first priority was that compensation should be paid to the dependents of those who were killed in the earthquake. This was the first priority. This work was immediately started.

I was also happy that the Central Government immediately started the monitoring work. A control room was set up in Delhi headed by the Cabinet Secretary. The State Government also did the same thing.

I went from here. I wanted to go to Latur and other areas, but I was asked full team was working at the Mantralaya in Bombay, consisting of the Finance Secretary and others. I discussed with them. I came to know that hundred per cent would be allowed as deduction in respect of the donations for the purpose of income-tax. However, there was a ceiling fixed. If a person gives more than 10 per cent of his income, it would not be allowed. This matter was taken up. I came back to Delhi. I discussed it with the Secretary (Revenue) and the Minister of State for Finance. I am very happy to say that within forety-eight hours, the Finance Minister cleared it. Now, whatever be the amount of donation given to the Chief Minister's Relief Fund would be totally exempt. I compliment the Finance Minister on this. I saw that he was so much worried. He felt so much that he said that whatever he could do, he would do and he immediately did it. Therefore, I compliment him. As regards the World Bank loan, our Finance Minister was fortunately there at that time in Washington for discussions with the World Bank and others. He immediately took up this issue with the World Bank and because of his efforts this World Bank assistance is going to come for the purpose of this earthquake relief. Here I would like to add that on the 10th of this month I had raised the issue in the Zero Hour that whatever funds have been given by the World Bank for any disaster, may be, earthquake or floods, the Central Government should pass on the same funds to the State Government on the same terms and conditions on which the World Bank has given. I followed it up and discussed the matter with the Finance Minister. The Finance Minister told me that the terms and conditions being offered to the State of Maharashtra are more beneficial than what have been offered by the World Bank. I request the Finance Minister to leave it to the Maharashtra Government. Let the Maharashtra State decide which terms are favourable to them whether the terms offered by the Finance Minister or the World Bank.

AN HON. MEMBER : What is the difference between the two ?

SHRI JAGESH DESAI : The difference is that here 30 per cent will be given by way of subsidy. That is the Finance Minister's offer. As regards repayment, if there is variation in the foreign exchange rates, it will be borne by the Finance Ministry and not by the State Government. So, let us wait and decide it. But Mr. Minister, Sir, Maharashtra has always stood for whatever has happened in the country, anywhere. For any calamity Maharashtra has always been the first to give any kind of help. Maharashtra State gives the highest revenue by way of both customs and taxation. So, the Central Government should also be very liberal to Maharashtra. Maharashtra State alone cannot meet with this colossal task which requires not less than Rs. 1000 crores. As such, I request the hon. Minister to use his good offices to see that the World Bank loan is sanctioned immediately. (Time Bell). One more point. In the meanwhile, the Central Government should give some advance amount to the State Government. The relief work cannot wait till the World Bank loan comes. So, please give some advance loan or assistance whatever you call it, and it will be reimbursed when the World Bank loan comes. If that is not done monsoon will set in and more and more difficulties will crop up.

There is one more suggestion. This area has become an earthquake-affected zone Latur, Usmanabad, the whole plateau. My fear is that in future no industry will come up, and for that purpose we will have to spend a huge amount to lay a solid foundation. So, I request the Finance Minister, through you, Sir, that as in North East States of our country you have given tax exemption, the same exemption should be given to this area also. The State Government should also see that there is no sales-tax for some years for new industries to come up. Also some subsidy should be given. Only then the problem can be solved.

SHRI J. S. RAJU (Tamil Nadu) : Sir, I express my heartfelt condolences to the bereaved families. I am also overwhelmed by the monetary and other assistance offered voluntarily by the people and the native and foreign organizations. I have a few clarifications to seek.

The statement says that 7,601 people have died and over 6,000 dead bodies were removed and cremated. I don't know whether it means that some dead bodies could not be extricated. Has the figure of the dead, put at 7,601, been tallied with the total number of missing persons in the area ?

The statement also refers to the voluntary contributions by people and various organizations, both native and foreign. So, what is the amout received so far towards relief work and how much has been spent out of it ?

Para 10 of the statement says that private agencies have begun construction of dwelling units in 20 villages. I would like to know whether these dwelling units are constructed according to the technology meant for earthquake-proof housing.

My last point is, the statement admits that the classification of the affected area seismically as Zone I has proved wrong. Therefore, I would like to know whether the reasons for this classification going wrong have been identified so that the attempts to have a re-look at the seismic zoning of peninsular India do not go wrong the same way.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Shri Anand Prakash Gautam. ... Not here. Prof. I. G. Sanadi.

प्रो० आई० जी० सनदी (कर्नाटक) : वाइस चेयरमैन साहब, आपने जो समय दिया उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

कैसे कहूं, क्या गला भर गया है।

जलती रहे आग चूल्हे में तो जी सकते हैं।

हिलने लगी जलने लगी धरती तो जीना दुश्वार है भूकम्प की है अंधेरी रात। श्रीमान जाखड़ जी आप दीया जलाने वालों में से हैं। आपने एक सच्चा चित्र भूकम्प का और राहत का इस सदन में दिया है। इसे पढ़ने से आंख से आंसू नहीं खून झर जाता हैं। इन्सानियत का कलेजा कांप उठता है। ऐसे संकट की घड़ी में प्राकृतिक विपदा भूकंप का सामना करने में भारत सरकार ने जो धैर्य दिखाया है पीड़ितों की जो सेवा की हैं संसार के इतिहास में बेमिसाल हैं।

महाराष्ट्र में जो भूकप आया। सहायता के लिए विश्व से दिग दिगंत से करूणा का सहायता का सागर भारत को ओर उमड़ आया। बड़ों की बात और है छोटे-छोटे स्कूल के बच्चों ने भी अपना संचित पैसा भूकंप रिलीफ फंड में दे दिया। इससे मानवीय अनुकंप का अंदाजा आप सही ढंग से लगा सकते हैं। भूकंप के झटके ने महाराष्ट्र, आंध्र तक ही नहीं, कर्नाटक में जहां से मैं आता हू जन जीवन को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। बीदर, गुलबर्गा, रायचूर, बेलगांम, बिजापुर और धारवाड़ जिलों में 10 जाने गई। 124 घायल हुए। 216 मकान धराशाही हो गये। 30 हजार मकान क्षति-ग्रस्त हो गये। 6 करोड़ का नुकसान प्राक्कलित

प्रोपर्टी का हुआ । और गवर्नमेंट प्रोपर्टी में 721 बिल्डिंगों को नुकसान पहुंचा है । 146 ब्रिजेज टूट गये हैं । 20 माइनर इरीगेशन टैंक फूट पड़े है । दस करोड़ के नुकसान में से 4 करोड़ कर्नाटक सरकार ने सहायता के रूप में दे दिया हैं । राहत और पुनर्वास के लिए और अधिक सहायता की आवश्यकता है । कर्नाटक के मुख्य मंत्री श्री मोइली साहब ने राहत का बोझ केन्द्र से कुछ मांगे बिना अपने कन्धो पर उठा लिया है । उनके कंधों को और मजबूत करने के लिए आपसे अनुरोध है अधिक नेचुरल कलेमिटी फंड कर्नाटक को भी दिया जाए । दुखी जनता की दुआ ली जाए । धन्यवाद ।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, 23 सितम्बर, 93 को जो दुखद और भयानक घटना इस देश में हुई जिससे जन धन की अपार क्षति हुई उसके लिए पूरे राष्ट्र को और सदन को माननीय कृषि मंत्री जी की जो संवेदना है मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, भारत सरकार ने, प्रधान मंत्री जी ने और कृषि मंत्री जी ने जो कुछ भूकम्प पीड़ितों के लिए किया है उसमें उन्होंने अपने कर्त्तव्य का पालन किया है, अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है । मैं नहीं चाहता कि कोई गुण-गान या प्रशस्ति सदन के अन्दर की जाय या इनको धन्यवाद दिया जाय । धन्यवाद की पात्र तो वे एजेंसीज हैं, वे संगठन हैं, वे समाज सेवी संगठन हैं जिन्होने भूकम्प पीड़ितों की राहत के लिए अपनी सहायता दी है । उनकी प्रशस्ति होनी चाहिए, उनको धन्यवाद भेजा जाना चाहिए मैं अधिक समय न लेते हुए केवल मंत्री जी का ध्यान उनके वक्तव्य के पैराग्राफ 10 की ओर ले जाना चाहता हूं जिसमें उन्होंने कहा है कि अब हमारे सामने भूकम्प प्रभावत परिवारों विकलांगों, निराश्रित महिलाओं तथा अनाथ बच्चों के लिए उचित सामाजिक, आर्थिक तथा मनोवैज्ञानिक पुनर्वास की व्यवस्था करने की समस्या है । ठीक है, समस्या से आप चिन्तित हैं । लेकिन मैं सीधे-सीधे यह जानना चाहता हूं कि इस ढाई महीने के अन्दर आपने पुनर्वास की क्या व्यवस्था की हैं ? यह माननीय मंत्री जी के वक्तव्य में होना चाहिए क्योंकि ढाई महीने के अन्दर आपने जो कुछ किया होगा, हो सकता है, उसकी कोई दीर्घकालीन योजना भी हो । ढाई महीने के अन्दर आपने क्या किया है और आगे क्या करने वाले हैं और पुनर्वास की क्या व्यवस्था है, इसका इस वक्तव्य में कोई उल्लेख नहीं है । इस लिए आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि मंत्री जी द्वारा संक्षेप में अब तक जो कुछ किया है । उसकी सूचना इस सदन को और इस राष्ट्र को होनी चाहिए ।

मेरा दूसरा प्रश्न होगा मंत्री जी के वक्तव्य के पैराग्राफ 12 के संबंध में जिसमें इन्होंने कहा है कि इस आपदा द्वारा प्रभावित क्षेत्रों को भूकम्प की दृष्टि से क्षेत्र-1 के रूप में वर्गीकृत किया गया है जो मध्यम तथा भयानक भूकम्प से सबसे कम प्रभावित होता है । यह विचार अब झूठा सिद्ध हुआ है और खास तौर से भारतीय प्रादीप के भूकम्पीय क्षेत्रों पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है । मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं । माननीय मंत्री जी ने जो यह बात कही, मैं उनसे जानना चाहता हूं कि क्या देश की तकनीक इस तरह की नहीं है जो ठीक हो ? यह जो त्रासदी हुई भयंकर भूकम्प महाराष्ट्र और कर्नाटक में आया, क्या इस विभाग ने और जो विभाग इसका सर्वे करता है उससे किसी प्रकार की जानकारी हो सकी थी कि भूकम्प आने वाला है ? अगर आपकी तकनीक से जानकारी हो गई थी तो सरकार द्वारा इसके बचाव के लिए क्या कार्य किया गया, क्या कार्यवाही की गई, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं तीसरी चीज जिसका मैं स्पष्टीकरण चाहता हूं कि वह यह है कि अपने देश में जो तकनीकी भूकम्प आने की ओर संकेत प्राप्त करने की है, क्या वह तकनीक अब फेल हो गई है और अगर फैल हो गई है तो इस संबंध में सरकार अब कौन सी तकनीक अपनाने जा रही है या

विदेशों से कोई सहायता लेने वाली हैं? भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए शीघ्र से शीघ्र कौन से उपाय सरकार करने जा रही है ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Jichkar, only two minutes.

DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR. (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, I ask for two clarifications.

The first is about the World Bank loan. We learn that there were two proposals. The first proposal other hon. Members have also referred to this is that the loan which will be given, will have 30 per cent subsidy, but the interest rate will be 12 per cent, and this proposal finds favour with the Government of India. The other proposal is that there will be no subsidy, but the interest rate will be 0.75 per cent and the repayment period will be 35 years. This is the proposal which finds favour with the Government of Maharashtra. I want a clarification which of these two proposals will be accepted.

The second one deals with the four broad categories which the Government of Mahrashtra has made as far as rehabilitation is concerned, housing and infrastructure, restoring the economic activity, provision of social services and other related activities. The first category, housing and infrastructure, will be dealt with under the World Bank loan. But under these three categories, the on-going schemes of the Government of India can help us. I do not want to go into details, but I will just give one example like the restoration of monuments. It is one head. If the Archaeological Department stops all escavation works throughout the country for one year, all the monuments can be restored. In this manner, the on-going schemes of the Government of India can help under all these three broad categories. This is my second question for clarification. I would like to know what is being in this field.

श्री गुंडप्पा कोरवार : (कर्नाटक) : धन्यवाद, मैं इस पर ज्यादा बात करना नहीं चाहता । लेकिन कुछ चीजें जो मैंने देखीं उन चीजों को यहां पेश करना चाहता हूं।

मेरा जिला गुलबर्गा जिला है जो किल्लारी से सिर्फ 40 किलोमीटर के अंतर पर हैं । जब यह घटना घटी तो गुलबर्गा के बहुत से लोग वहां पहुंचे । हमने देखा कि अनेकों लोग वहां मरे है । मरने वालों से नहीं आखिर कितने लोग बचे इसका हिसाब जल्दी मिल सकता था । उन मुर्दों पर रोने वाला कोई नहीं था, उनका कोई नामोनिशान न था। वहां ऐसी हालत थी । हमारे भाग्य में यह था जो हमको यह देखना पड़ा । हमारे बुजुर्गों ने यह नहीं देखा था । यह बहुत ही दर्दनाक घटना थी, कभी जिंदगी में ऐसी घटनायें सामने न आयें यह ईश्वर से हम दुआ करते हैं ।

जो किल्लारी में हुआ उससे कर्नाटक के लोगों में एक जजबा उभरा । कर्नाटक के बहुत से लोगों ने महाराष्ट्र चीफ मिनिस्टर फंड में जितनी उनकी ताकत थी, उतना भेजने की कोशिश की । यह इंसानियत का काम था । दुनिया वालों ने मदद की हैं । देश के हर कोने से इस चीज के लिये मदद आयी है । तो इसमें जो कर्नाटक का भूकंप है, उसमें हमारे बुजुर्ग मिनिस्टर साहब ने बताया है कि वहां 22 गांवों में इसका असर हुआ, 10 लोग मरे और 216 मकान गिरे है । वहां पर जो मकान देखे हैं, स्पाट पर जाकर देखा है, वहां एक एक गांव में सौ सौ मकान गिरे हैं । उनको वहां पर टेंड बनाकर देने की हालत में नहीं थे । हमारी सरकार ने और वीरप्पन मोली साहब ने जो कर्नाटक के चीफ मिनिस्टर है उन्होंने अच्छा कदम उठाया और टेंट बनाकर उनको आसरा देने और उनकों मदद करने की सब बातें की । हमारे कर्नाटक में इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ यह मैं मानता हूं । लेकिन जो नुकसान हुआ है मकानों का, दो मंजिला मकान हैं, बहुत स्क्रैप ऊपर से भी आ गये और नीचे से भी आ गये । उन मकानों में लोग नहीं रह सकते । ऐसी हालत में जो अच्छे लोग हैं, जो किसान

हैं, जिन्होंने अच्छे मकान बना लिये हैं वे डर के मारे वहां नहीं रह सकते । जब भी हम वहां गांवों में गये उनकी यही डिमांड है कि हमको मकान बनाकर दो । तो यह डिमांड हमारे कर्नाटक में बहुत हैं । इस लिये मैं केन्द्रीय सरकार से प्रार्थना करता हूं कि मकानों का इंतजाम जल्दी से जल्दी करिये और गुलबर्गा जिले में जो किल्लारी के नजदीक है, 30 किलोमीटर पर हैं, उसका असर हमारे जिले में बहुत हुआ है । रात दिन लोग यह प्रश्न करते हैं कि कब भूकम्प आयेगा । दिन तो कट जाता है लेकिन रात में बच्चों को लेकर, एक आदमी अंदर नहीं रहता, सारे सड़क पर सड़क के ऊपर ही अपना बिछोन डालकर सो जाते हैं । यह हालत हमने देखी है । कितना समझाएं लेकिन डर पैदा हो चुका था, लोगों में घबराहट थी, वह परेशान थे कि किसी वक्त भी घटना घट सकती है । हमारे वहां क्या हुआ एक ज्योतिष ने पेपर में दे दिया कि फलां तारीख को, फलां टाइम को भूकम्प आएगा । इससे और भी लोगों में डर पैदा हो गया । इसलिए हमने अपने चीफ मिनिस्टर और सरकार से कहा इस डर को दूर करने के लिए कुछ न कुछ किया जाना चाहिये । तो हमारे चीफ मिनिस्टर ने गुलबर्गा जिले में एक भूमापन केन्द्र स्थापना करने के लिए मान लिया है और इस केन्द्र की स्थापना पर डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है । लोगों को यह समझाया गया है कि अब वहां पर ऐसी मशीन लगाई जा रही है जो भूकम्प के बारे में सब बता देती है कि भूकम्प कब आ सकता है और कब नहीं आ सकता हैं । इसलिए लोगों को यह कहा गया है कि डरने की कोई जरूरत नहीं है, सब इंतजाम हो गया है । अब लोग शान्त हो गये हैं । मैं आपके जरिये सेंट्रल गवर्नमेंट से यह कहना चाहता हूं कि इस भूमापन केन्द्र की स्थापना के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की मंजूरी दे दें ताकि इस सेंटर की स्थापना जल्दी हो सके । शुक्रिया

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान: (आन्ध्र प्रदेश) : जनाब वाइसचेयरमैन साहब, यह जो 30 सितम्बर, 1993 को लातूर और उस्मानाबाद के अज़ला में भूकम्प आया, यह हमारे हिन्दुस्तान का एक कौमी अलमिया है और इन अलमियों पर जितना भी दुख किया जाए उतना कम है । ज्यों ही इलोक्ट्रोनिक मीडिया से और न्यूज़ एजेंसियों से अखबार वगैरह के जरिये से, दूरदर्शन के ज़रिये और वर्ल्ड टी०वी० के ज़रिये खबरें वसूल होती गई कि हज़ारों अमवाद इसमें हो रहे है तो एक किस्म की तकलीफ पैदा होने लगी । फिगर यहां तक आया कि 30-40 हजार अमवाद हुए हैं । इसके साथ ही हमारे तेलगु देशम् के सदर और नेशनल फ्रंट के चेयरमैन जनाब एन०टी०रामाराव ने शहरे हैदराबाद में मौजूद एम०एल०एज० और एम०पीज० की एक मीटिंग फौरी बुलाई और उसके दूसरे दिन दो अक्तूबर को उन्होने एम०पीज० और एम० एल०एज० की एक टीम लेकर किल्लारी, सस्तूर और उमरगांव वगैरह के मकामात पर गये वहां पर हमने खुद देखा और जो अपनी आंखों से देखा उसको हम बयान नहीं कर सकते कि इस किस्म का दर्दनाक मंजर था । जैसे कि डा० बापू कालदाते साहब ने भी कहा, इफ्तदाई पांच-छः दिन पूरा नज्मों नस्ख मुअत्तिल था । किसी किस्म का कोई सिस्टेमेटिक तरीका नहीं था । मैं यह देख रहा था कि हैदराबाद से इंतेहाई बड़ी तादात में ट्रक आ रहे हैं, ट्रेक्टर आ रहे हैं, करें आ रही हैं और इसमें रिलीफ का सामान आ रहा हैं, अदवियत आ रहे हैं, चावल आ

रहे हैं, आटा आ रहा है, मीठा तेल खाने का आ रहा है मगर इसके बावजूद वहां पर कोई वसूल करने वाला नहीं है। मुझे कहते हुए बड़ा ताज्जुब होता है कि आखिर यह जो माल आया उसका क्या हश्र हुआ; यह हमारे बयान के बाहर है। हम कह नहीं सकते। मगर इस किस्म की सूरतेहाल थी (समय की घंटी) मेरे जहन में दो चार छोटे-छोटे सवालात हैं जो मैं करना चाहूंगा। अब तक जो डोनेशन आए हैं मुल्क के अन्दर से और बैरूनी मुल्कों से, कितने डोनेशन आए हैं, यह मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि अपने जवाब में इस ताल्लुक से जरूर कहें। दूसरी बात अमवाद का जो फिगर न्यूज एजेंसी के जरिये आया है कि 30-40 हजार अमवाद हुए हैं, इसमें सवाल यह पैदा होता है और सुनने में भी यह आया है कि वहां का जो मलबा है थी-फोर्थ मलबा अभी तक साफ नहीं किया गया और थी-फोर्थ मलबे में लाशें अभी तक दबी हुई हालत में वहां पर मौजूद है। यह जो लाशें दस्तीयाब हुई हैं, न्यूज एजेंसीज ने किस जराए से यह 30-40 हजार का फिगर दिया? क्या गवर्नमेंट आफ इंडिया ने इस बात की मालूमात की कि अगर उनकी खबरें गलत थी तो इस किस्म से आवाम को गुमराह करने के लिए आपने क्या एक्शन लिया?

7.00 P.M.

और क्यों आप खामोश बैठे हुए हैं जब 30-40 हजार का आंकड़ा, खुद आपका सरकारी दरबार यह बयान करता है कि 30 से 40 हजार इस किस्म के वाकयात हुए हैं। दूसरी बात मैं यह मालूम करना चाहूंगा कि ये मकानात और स्कूल्स बनाने का जो प्रोग्राम है ये कब तक बनेंगे और क्या बरसात के मौसम के आगाज से पहले वे मुकम्मिल होंगे या नहीं। ये चंद सवालात मैं आपसे पूछना चाहता हूं। शुक्रिया।

شری محمد خلیل الرحمن آندھرا پردیش
جناب وائس چیئرمین صاحب یہ جو ۳۰ ستمبر ۱۹۹۲ء کو لاتور اور عثمان آباد کے اضلاع میں بھوکمپ آیا یہ ہمارے ہندوستان کا ایک قومی المیہ ہے اور ان المیوں پر جتنا بھی دکھ کیا جائے اتنا کم ہے۔ جیسا کہ الیکٹرانک میڈیا سے اور نیوز ایجنسیوں سے۔ اخبار وغیرہ کے ذرائع سے۔ ورڈ لیشن کے ذریعہ اور ورلڈ ٹی۔ وی کے ذریعہ خبریں وصول ہوتی گئیں کہ ہزاروں اموات اس میں ہو رہی ہیں تو ایک قسم کی تکلیف پیدا ہونے لگی۔ فیگر یہاں تک گیا کہ ۳۰۔۴۰ ہزار اموات ہوئے ہیں اس کے ساتھ ہی ہمارے نیشنل گورنمنٹ کے صدر اور نیشنل فرنٹ کے چیئرمین جناب این۔ ٹی راما راؤ نے شہر حیدرآباد میں موجود ایم۔ ایل۔ اے اور ایم۔ پیز کی ایک میٹنگ فوراً بلائی اور اس کے دوسرے دن ۲۰ اکتوبر کو انہوں نے ایم۔ پیز اور ایم۔

[1]Translitération in Arabic Script.

دوسری بات اموات کا جو فیگر نیوز ایجنسی کے ذریعہ آیا ہے کہ ۳۰۔ ۴۰ ہزار اموات ہوئے ہیں۔ اس میں سوال یہ پیدا ہوتا ہے اور سننے میں بھی یہ آیا ہے کہ وہاں کا جو ملبہ ہے تھری فورتھ ملبہ ابھی تک صاف نہیں کیا گیا اور تھری فورتھ ملبہ میں لاشیں ابھی بھی دبی ہوئی حالت میں وہاں پر موجود ہیں۔ یہ جو لاشیں دستیاب ہوئی ہیں۔ نیوز ایجنسیز نے کس ذرائع سے یہ ۳۰۔ ۴۰ ہزار کا فیگر دیا گیا۔ گورنمنٹ آف انڈیا نے اس بات کی معلومات کی کہ اگر انکی خبریں غلط تھیں تو اس قسم سے عوام کو گمراہ کرنے کے لئے آپ نے کیا ایکشن لیا اور کیوں آپ خاموش بیٹھے ہوئے ہیں۔ جب ۳۰۔ ۴۰ ہزار کا آیا۔ خود آپ کا سرکاری دوردرشن یہ بیان کرتا ہے کہ ۳ سے ۴ ہزار اس قسم کے اموات ہوئے ہیں۔ تیسری بات میں آپ سے یہ معلوم کرنا چاہوں گا کہ یہ مکانات اور اسکولس بنانے کا جو پروگرام ہے یہ کب تک بنیں گے اور کیا برسات کے موسم کے آغاز سے پہلے وہ مکمل ہوں گے یا نہیں یہ چند سوالات میں آپ سے پوچھنا چاہتا ہوں۔ شکریہ۔

ایل ماٹیر کی ایک ٹیم سے کر کلاری ستورہ اور امرکاؤں وغیرہ کے مقامات پر گئے۔ وہاں پر ہم نے خود دیکھا اور جو اپنی آنکھوں سے دیکھا اس کو ہم بیان نہیں کر سکتے کہ اس قسم کا دردناک منظر تھا۔ جیسا کہ ڈاکٹر بالپور کالدانے صاحب نے بھی کہا۔ ابتدائی پانچ چھ دن پورا نظم و نسق معطل تھا کسی قسم کا کوئی سسٹیمیٹک طریقہ نہیں تھا۔ میں یہ دیکھ رہا تھا کہ حیدرآباد سے انتہائی بڑی تعداد میں ٹرک آرہے ہیں۔ ٹریکٹر آرہے ہیں۔ کاریں آرہی ہیں اور اس میں ریلیف کا سامان آرہا ہے اور دوائیات آرہے ہیں چاول آرہے ہیں۔ آٹا آرہا ہے۔ میٹھا تیل کھانے کا آرہا ہے۔ مگر اس کے باوجود وہاں پر کوئی وصول کرنے والا نہیں۔ مجھے کہتے ہوئے بڑا تعجب ہوتا ہے کہ آخر یہ جو مال آیا۔ اس کا کیا حشر ہوا۔ یہ ہمارے بیان کے باہر ہے۔ ہم کہہ نہیں سکتے مگر اس قسم کی صورت حال تھی "وقت کی گھنٹی"... میرے ذہن میں دو چار چھوٹے چھوٹے سوالات ہیں جو میں کرنا چاہوں گا۔ اب تک جو ڈونیشن آئے ہیں۔ ملک کے اندر سے اور بیرونی ملکوں سے کتنے ڈونیشن آئے ہیں۔ یہ میں آنریبل منسٹر صاحب سے دو خواست کروں گا کہ اپنے جواب میں اس تعلق سے

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir, there is only one point that I would like to make. Both the State and the Central Governments did well as far as the relief operations were concerned. There is nothing adverse to point out against them. It is a national calamity. It is beyond the scope of the State Government. Even the Central Government is not in a position to cope with it. Several international organisations and other countries are coming to the rescue of the affected. When such national calamities as earthquakes, floods or famines take place with such high magnitudes, it is not reasonable to lay the entire burden on the State Government. Whether the World Bank loan is with or without subsidy, whether the interest is 0.7 per cent or 12 per cent, whatever it is, let the entire nation come to the rescue of the affected area. It is not a problem concerned with just Latur or Maharashtra or some other place. My suggestion is that you should treat it as a national calamity. Drawing loan and paying the interest components and instalments will rest with the Central Government and will not be confined to the Maharashtra Government as if it was the sole problem of the small State of Maharashtra. If that State has to bear the entire burden, their Plan expenditure for the coming 20 to 25 years will be cut into. Therefore, I suggest that when such national calamities take place, let the entire nation come to the rescue of the affected and share the burden of relief operations, reconstruction, etc. If it is not possible, at least the Centre can take a major share of it, say 75 per cent. At least 75 per cent of it should be contributed by the Central Government even for paying the instalments. The entire burden should not be passed on to the State Government. This is my only point.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Minister.

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, माननीय सदस्यों ने जो अभिव्यक्ति की है दर्द की, सहानुभूति की और बाहर के जितने भी नानगवर्नमेंटल आर्गेनाइजेशन्स हैं, वालंटरी आर्गेनाइजेशन्स हैं, मेरे भाई बन्धु हैं, चाहे यहां के हैं चाहे बाहर के हैं, चाहे फौज के हैं, सिविल सर्विसेज के हैं जिनके प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है, मैं उनसे सहमत हूं । यह किसी एक, सराकर का ही काम नहीं था कि संभाल सकती । यह तो एक मानवता का उत्कृष्ट नमूना था, भाईचारे का जो पेश हुआ । बात ही ऐसी थी । दर्द तो होता है। आज भी होता है । जब मैं गया, बहुत कुछ ठीक हो रहा था लेकिन फिर भी दर्द तो है, जिनके भाई-बहिन चले गये, रिश्तेदार चले गये, सारा खानदान चला गया, अनाथ बच्चे रह गये उनके लिए पीड़ा तो मन में रही भी, रहेगी और यही एक प्रतीक है विश्व के भ्रातृ भाव का किस प्रकार से लोग वहां पर आए, किस प्रकार से उन्होंने काम किया, किस प्रकार से दर्द बांटा, किस प्रकार से, जैसे एक बाढ़ आ जाती है, मदद की वह आ गयी । मैं मानता हूं, लेकिन दो चार दिन में होता है । इतना बड़ा भूकम्प आया इतना सारा अस्त व्यस्त हो गया । कौनसा किसके पास अलादीन का चिराग था कि एक मिन्ट में कर देता । लेकिन शाबाशी देता हूं मैं महाराष्ट्र गवर्नमेंट को, चीफ मिनिस्टर को, उनकी अगुवाई को, उनके साथियों को किस प्रकार से किया । मैं आज भी देख कर आया हूं । वहां पर भी देखकर आया हूं । मैंने बहुत सी बातें सुनी है । हर एक गांव में गया हूं तकरीबन-तकरीबन । जो बन रहा था और सड़क पर जो लोग खड़े थे उनसे भी बातें की । उनसे पूछा उनके चेहरे पर तसल्ली थी कि हां हमारे लिए दर्द है, हमारे लिए सोचने वाला कोई है । हमारे भाई बन्धु है । हम अकेले नहीं हैं इस सारी रस्म में । तो उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं । सारी बातें ठीक हैं और करने की हैं । उनको सुनकर दर्द भी होता है । मुझे भी दर्द हो रहा है, लेकिन जिन भाईयों ने मुझसे सवाल पूछे, वह सवाल पूछकर ही चले गए । मुझसे सवाल किया कि आपने आज तक जवाब क्यों नहीं दिया ? जब संसद का

सब्र ही नहीं था तो मैं किसको जवाब देता और जब है तो बिल्कुल तैयार था, लेकिन उनको इतना भी सब्र नहीं था कि वह जवाब के लिए कुछ इंतजार कर लेते। मैं तो यही कहूंगा कि–

"बहुत शोर सुनते थे, पहलू में दिल का,

जो चीरा तो कतरा-ए खून निकला।"

वह तो यह कहकर चले गए कि इतना विनाश हो गया, तुमने कुछ नहीं किया। अरे भाई जरा सोचो तो सही कि क्या नहीं किया ? सारे संसार में उसका उदाहरण नहीं है जितना लातूर और उस्मानाबाद के एरिया में किया गया। जिस भ्रातृत्व भाव का प्रदर्शन किया गया और जिस तत्परता से वहां काम किया गया, उसके लिए मेरा सलाम है उन लोगों को जिन्होंने यह सब किया। वहां अकेले हम ही नहीं थे, बाहर की टीम्स भी आई, बाहर के लोग भी आए। वह काम करके चले गए और उन्होंने भी कहा कि ठीक है। मैं भी जाकर देख आया हूं कि ठीक है। अब हरेक चीज हरेक तरीके से नहीं हो सकती। खामियां निकालना बड़ी आसान बात है। कुछ बुराई की बात कहो कि वहां ऐसा नहीं किया ? किसी को कहते हैं कि आटा गूंथती है तो हिलती क्यों है, लेकिन जब आटा गूंथा जाएगा तो इंसान हिलेगा ही।

कालदाते जी और भंडारे जी ने पूछा कि यह हो कैसे गया और कितने मरे ? यह सवाल मेरे दिल में भी उठा। जब मेरे पास आंकड़े आये तो मैंने बार-बार तस्दीक करने की कोशिश की। एक दफा आंकड़ा 9 हजार आ रहा है, एक दफा 7 हजार आ रहा है। तो मैंने पूछा कि असल आंकड़ा क्या है ? मेरे पास भी तो साधन वही हैं न जो वहां हैं। मेरे पास कोई संजय की दिव्य दृष्टि तो है नहीं कि यहां से बैठे-बैठे देखता रहता। मेरे पास जो साधन थे, उससे मैंने कोशिश की और बार-बार पूछा। मेरे सेक्रेटरीज बैठे हैं, आप उनसे पूछो कि कितनी दफा उन्होंने खड़काया ? आपने तो कह दिया कि कैसे कर दिया ? उस वक्त बहुत बौरान था। ऐसा लगता था कि सारा संसार तबाह हो गया। सारे आदमी चले गए। उस वक्त ऐसी स्थिति थी। मैं भी समझता था कि पता नहीं क्या हो गया ? लेकिन धीरे-धीरे मसला साफ होता गया। वहाँ मिलिटरी के 10 हजार आदमी आए। शाबासी है उन लोगों के लिए। उन्होंने रात-दिन काम किया और व्यवस्था कायम की। उनके लिए देश की रक्षा की बात तो है सो है लेकिन उन्होंने वहाँ हमारी सब तरह से रक्षा की और कितना साथ दिया सिविल एडमिनिस्ट्रेशन और साथियों का। उन्होंने दबे हुए लोगों को निकाला और सारा काम किया। वहाँ हरेक के रिश्तेदार से पड़ताल की गयी, सरपंच से तस्दीक करायी गयी कि कोई बाकी तो नहीं रह गया। जो आदमी बचे थे, उनसे पूछा गया। जो डर से बाहर अपने रिश्तेदार के घर चले गए थे उनसे पूछा। अगर कोई शिकायत आई कि हमारा आदमी यहाँ दबा रह गया था तो उसकी भी पड़-ताल की गयी। मेरे पास आंकड़े हैं, वह मैं आपको दे रहा हूं। बार-बार पूछने के बाद ये आंकड़े मेरे पास आए हैं। मैं तो चाहता हूं कि जितने कम हों उतना अच्छा। मैं कब चाहता हूं कि संख्या बढ़े। जितनी भी हो, मेरे ख्याल में तो अच्छी बात हो कि कम हो, और पता लग जाएगा। उनसे अब भी कहा है कि हरेक से कनसल्ट करो, सरपंच से पूछो और पूछकर लिखो कि कोई शिकायत तो नहीं है। इस बात को अच्छी तरह से टैली करो। तो उसको कराया जाएगा।

एक बात और है, जिस तरह से वालेंटरी ऑर्गेनाइजेशंस की बात आपने कही, सरकार की बात कही गयी। जो दिया सो दिया। मेरे पास तो इतना ही था कैलेमिटी रिलीफ फंड। कालदाते जी आपने पूछा 8.25 तो यह तो चौथी इंस्टालमेंट थी। 1993-94, की वह दे दी और 33 करोड़ सेंट्रल की 1994-95 की थी, वह सारी दे दी। उसके साथ ही आपने पूछा कि और कहां से आया ? वह भी मैं आपको बता देना चाहता हूं कि कितना

आया ? सारी बात आपको बता देता हूं—आस्ट्रेलिया से 41 लाख, कनाडा से 166 लाख, डेनमार्क से 12 लाख, फ्रांस से 25 लाख, नार्वे से इंडियन रेडक्रास सोसायटी, अदर एन०जी०ओज० और सारा कोई 408 लाख, स्वीडन से आया 200 लाख और यूनाइटेड किंगडम से 24 लाख रुपये। इस तरह 8 करोड़ 76 लाख रुपया आया। उसके बाद हमने रिलीफ फंड की कोमोडिटी आई। यूरोपियन कमीशन से 178 लाख रुपये की, फ्रांस से राहत सामग्री और डाक्टर आए, और जापान से 596 लाख की मदद आई, यूनाइटेड किंगडम से 295 लाख व अमेरिका से 533 लाख और ये 1612 लाख की हुई, मतलब 16 करोड़ की हो गयी। "कैश ग्रांट" आस्ट्रेलिया से, 61.50 लाख यूनाइटेड किंगडम से 12 लाख रुपये की मदद आई और यह कोई 74 लाख की हो गई। इसके बाद यह जो रिकंस्ट्रक्शन, रिहेबलीटेशन का आया, डेनमार्क से 141 लाख आया, जर्मनी से 180 लाख आया, जापान से 2980 लाख आया, नीदरलैंड से 517 लाख आया, स्विटजरलैंड से 44 लाख आया, युनाइटेड किंगडम से 2377 लाख आया। इस तरीके से तकरीबन 78 करोड़ 59 लाख आया है। यह सारी बातें हैं। इसी के साथ वर्ल्ड बैंक से 300 मिलियन का लोन बंदोबस्त का है, वह पूछा था अभी उधर से तो उसका भी था कि किस तरीके से यह दे रहे हो या नहीं दे रहे हो। यह हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर करते हैं और वह ठीक ही है, अगर कोई दिक्कत की बात नहीं होगी, वह कहते हैं और मुझे बताकर गए हैं, लेकिन बेहतर होगा कि वही बताएंगे। लेकिन, उनका दिल तो उनके साथ है, कोई दूर थोड़े ही जाएगा।

स्टेट गवर्नमेंट ने जो किया है, वह सारा का सारा एक हजार करोड़ करीब उन्होंने मुझे बताया है यह प्रोजैक्ट बनाकर। यह सारा का सारा मेरे पास है। अंदाजा वही है कि एक हजार करोड़ के करीब वह सारा लगेगा। वह सारा का सारा आंकड़ा मेरे पास है। सी० एम० रिलीफ फंड में अगर सारा जोड़ दिया जाए, जो आ गया है तो यह सारा बन जाता है, 137 करोड़ वह आ जाता है। यह इधर से चला आता है जो साधन बन जाते हैं। हरेक चीज इक्कठी करने से बनती है और जिस प्रकार से मुझे, जब मैं गया तो, वहां आफीसर्स ने बताया कि इतना सामान आया, इतना सामान आया कि हम करते क्या उसका। उसको संभालना ही मुश्किल हो रहा था और बंद करना पड़ा लोगों को, कि मत आओ क्योंकि आने से न तो सब चल सकते थे, न फिर सकते थे, इतनी क्राउडिंग हो गई थी सारा बंदोबस्त किया। अब मैं देखकर आया हूं।

हॉस्पीटल की बात कर रहे थे, वहां हॉस्पीटल नहीं है। अब कह रहा हूं तो सरला माहेश्वरी जी के वहां कोई है नहीं, मैं दो देखकर आया हूं, दो हास्पीटल विजिट करके आया हूं। ... (व्यवधान) ..नहीं, टेम्परेरी, बिल्कुल लगे हुए आपरेशन थियेटर सारा कुछ उसमें माजूद है, एक्सरे मौजूद है। सब कुछ वहां है। तो यह मैं विजिट करके आया हूं।

मैं एक बात और बता देना चाहता हूं कि कलेमिटि तो हुई, उसमें जो मेरे साथी चले गए। अरे, उनमें क्या बताऊं, सवा सौ तो मेरे-साथ थे, जो मेरे साथी थे, मेरे पास पूना में थे। अभी हमने मीटिंग की थी ग्रेप क्रोप फेडरेशन की। जो सबसे अच्छा ग्रेप पैदा करते हैं, वह लोग वहां थे और हमारे साथी थे। मैं उनके घर जाता था, उनके मैं बाग देखता था। उनके मैंने बाग लगवाए थे। उनके साथ मेरा इतना बड़ा रिश्ता था। महीना पहले मेरे पास थे और वह नहीं रहे। इस बात का मेरे दिल में दर्द होता है। मैं जाता नहीं किसी के पास। क्या करूं, उनके घर उजड़ गए। मैं उनके बाग देखकर आया। बाग भरे हुए खड़े थे, कोई देखने वाले नहीं। बच्चे आए, स्कूलों के बच्चे और उन्होंने प्रूनिंग की आप कहते हैं कि काम मिलने की बात है, वहां तो आदमी मिलते नहीं काम करने के लिए, बिजाई करने के लिए। मैं तो वहाँ कह कर आया हूं। मैंने

महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर से भी कहा है कि जितना बीज चाहिए उतना बीज लो, जो मशीन चाहिए वह मेरे से लो, जो इनसेक्टिसाइड चाहिए वह मेरे से लो और जितना कर सकते हो करो । जो हमारी एग्रीकल्चर मिनिस्टरी कर सकती है, उसके लिए आपको किसी को पूछने की जरूरत नहीं है । साधन हैं, हम जुटाने के लिए तैयार बैठे हैं। आप करो।

दिल में एक दर्द होता है । वह मेरे भाई थे और अगर उनके लिए न करें तो किस के लिए करें ? किस लिए बैठे हैं हम ? हम उनका दिया खाते हैं, उनकी सेवा करना हमारा धर्म बनता है । यह किसी का अहसान नहीं है । ठीक है, वह चले गए हमारे बीच में से । हमारे साथी ठीक कह रहे थे कि हमारा कोई अहसान नहीं है, हमारी कोई शाबाशी उनकी भी नहीं है बल्कि वह तो हमारा फर्ज बनता है । हम नौकर हैं उनके । जो काम करते हैं, शाबाशी उनकी है, जिन्होंने अपने बाग में दिल लगाकर काम किया और सारा करके दिखा दिया । यह ऐसी बातें हैं, जिसके लिए हम कहते हैं ।

जो घर बना रहे हैं, वह मैं देखकर आया हूं । आपने इस बारे में कहा । यह मेरे पास लिस्ट है, आपके पास भी शायद होगी । यह 20, लेकिन 20 में कम से कम 10 में मैं आप जाकर आया हूं, जहां काम हो रहा है । वह फुल प्रूफ मकान बना रहे हैं । वह ऐसे बना रहे हैं, जिसमें कि अर्थक्वेक का कोई असर नहीं होगा । मैं यह कहने जा रहा था, नुकसान तो हो गया, लेकिन जो चीज बनेगी वहां, वह एक नमूना होगी आने वाले जमाने के लिए । हर अमेनिटि उनके पास है, हर तरीके की बात उनके पास होगी, सारा कुछ होगा और उस सारा कुछ होने में मैंने उनको कहा कि कुछ कसर नहीं होनी चाहिए । अब जब बिगड़ तो गया है और जब बनाने लगे हैं, उपाध्यक्ष महोदय, तो ऐसा बनाएं कि दुनिया आकर देखे कि हिन्दुस्तान वालों ने कमाल कर दिया । एक नए नक्शे का निर्माण कर रहे हैं । यहां एक नई चीज होगी । हरेक चीजों की उनको उपलब्धि होगी । नो ऐसी चीज इस तरीके की बना रहे हैं । मैं जिक्र करना चाहता हूं कि अब जो घर बनाएंगे और जो लोकेशन करेंगे, उसमें एक बात मैंने और उनसे कही कि इसको मेन सड़क पर लगा रहे हो और कल को फिर यहां दंगा फसाद होगा या एक्सीडेंट होंगे तो मुश्किल होगी इसलिए थोड़ा सा हटकर बनाओ, एक-डेढ़ किलोमीटर फासला करना होगा । तो उस हिसाब से वहां सड़क बनाई जा सकती है, लिंक बनाया जा सकता है । उसमें हरेक सुविधा-साधन हैं, उसमें स्कूलों का भी प्रबंध है । मैंने उनके सारे के सारे नक्शे देखे है । हमने वह बनवाया है सारा का सारा टाटा इंस्टीट्यूट और दूसरे से । प्राइम-मिनिस्टर ने भी उनको बनावा दिया है । सारी उन लोगों से बात करके एक नमूना बनाकर ढाई सौ के, चार सौ के, साढ़े सात सौ एरिए के मकानों का प्लान वहां बना रहे हैं । प्रस्ताव है कि ढाई सौ के तो पैसे ही नहीं लेंगे, सारा मुफ्त में उसका बनाएगें । उसके ऊपर वालों को हम अनुदान के हिसाब से थोड़ा मदद दे देगें, लेकिन उसके ऊपर वालों को लॉंग टर्म लीज पर लोन दे देंगे यह प्रस्ताव है । काली-पाली जमीन का कोई फर्क नहीं पड़ता है, फाउंडेशन होनी चाहिए और एक बात सही है कि फाउंडेशन का चक्कर नहीं पड़ा जितना कि मड हाउसिस का था और वे पत्थर के लगाए हुए थे इसलिए वे कोलेप्स हो गए । वहां मैं अभी देखकर आया हूं कि जो वहां कंक्रीट सीमेंट के बने हुए थे, they have stood the test. इसीलिए वे स्टंप हो गए और पुराने जमाने में कौन देखता था कि क्या होगा, क्या नहीं होगा । यह बात कहना कि हमने प्रिडक्शन नहीं की, वह नहीं किया, दुनिया भर में एडवांस से एडवांस और डेवलप से डेवलप कंट्री में भी यही होता है और कोई कुछ नहीं कर सकता। देखा है हमने भी और हम कर रहे हैं । सिस्मिक जोन-1 में कर रखा जो सबसे बढ़िया और कहते हैं कि सबसे सुरक्षित

एरिया है, वहां यह हो गया और सबसे घटिया था असर में आ सकता है, असम या हमारे इस्टर्न में था, वह नहीं हुआ । यह सारा काम कुदरत करती है और कुदरत का मुकाबला करना चाहे आप कितने ही साइंटिस्ट बनते रहो लेकिन आप पिग्मी के पिग्मी हो, उसका मुकाबला आप नहीं कर सकते । मैं देखना चाहता हूं इस बात को कि हमें तो रहना चाहिए । अब कोई कहे कि साहब आपने यह क्यों नहीं किया तो—Every man is wiser after the event. निकल जाता है तो कहते हैं कि ये क्यों नहीं किया, तो तू भी तो पहले कह सकता था कि क्यों नहीं किया । तो यह तरीका नहीं होना चाहिए । इसलिए हम जो कुछ भी कर रहे हैं, इस हिसाब से मिलाकर कर रहे हैं कि आइंदा के लिए सुरक्षित रहे, मकान भी ऐसे हों जो उस झटके को बर्दाशत कर सकें, सिस्मिक सर्वे भी हम दुबारा करवा रहे है और न ही कोई ऐसा कलपुर्जा आज तक बना है जो यह प्रिडिक्ट कर सके कि यह हो जाएगा । वहां चीन वाले थे, उनका भी देखिए आप कितना हुआ, 80 हजार आदमी एक साथ मर गए । इसी तरह से और भी जगह हुआ । ईरान में क्या हुआ ? All these things are happening. इसमें कोई ऐसी बात नहीं है।

डा० बापू कालदाते : एक मिनट । लास्ट इयर मैं गया था, 21 तारीख को वहां हुआ, 92 की बात मैं कर रहा हूं । 24 तारीख को मैं गया और मैंने स्वयं इस बात का अनुभव किया । सैंट्रल गवर्नमेंट को हमने तार भेजे और हमने कहा कि you send the experts and see what is there. I am sorry to say that an officer . . . लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि यहां से जो अफसर गए उन्होंने वहां आम सभाओं में कहा कि कोई खतरा नहीं है । यह लास्ट इयर की बात मैं कह रहा हूं । करना नहीं चाहिए था, इतना ही मेरा कहना था ।

श्री बलराम जाखड़ : तरक्की की इतनी है कि वह कर तो लेते हैं, अब उसमें सिस्मिक जोन बना भी दिया हमने फिर भी वही हो गया । तो कुदरत का कोई मुकाबला नहीं है, मैं तो यही सोचता हूं कि जो कुछ हुआ उसका हमें सोचना चाहिए कि अब बच्चे है, 140 आरफन है और भी विधवाएं है । उनकी जायदाद भी होगी बच्चों की, उनका प्रबंध भी करना है फिर से हमको रिसेटलमेंट करनी है, कौन उनकी देखभाल करेगा, इस सिलसिले में भी मैंने उनसे बात की है कि कैसे उनको समझाना है, बुझाना हैं, कैसे उनको इस्टेब्लिश करवाना है । देख-रेख कौन करेगा ? कुछ के रिश्तेदार होंगे लेकिन कुछ को सरकारी तौर पर हमें देखना पड़ेगा, उसका करना है । और कोई खास बात तो है नहीं मेरे ख्याल में। I don't think that there is anything which I have to say now.

डा० बापू कालदाते : हमने जो सुझाव दिया हैं कि सीमेंट का डिपो बनाएं, तेल का डिपो बनाइए, उसके बारे में । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री बलराम जाखड़ : वह कर रहे हैं, वह मैंने बताया। (**व्यवधान**) . . .

एक माननीय सदस्य : वर्ल्ड बैंक ऐड।

श्री बलराम जाखड़ : वर्ल्ड बैंक ऐड जल्दी आ जाएगी, चिंता मत कीजिए, उसका जरूरी है करना और वही है जिसके जरिए कर सकते हैं। सारा मसला इसलिए कर रहे है लेकिन एक बात का जरूरी है कि हमारे पास सब साधन जुटे रहने चाहिए और इसके लिए मैं मुख्य मंत्री से बात जारी रखूंगा और मैं फिर चक्कर आपके साथ लगाऊंगा आप भी मेरे साथ चलना और हम दोनों मिलकर खिचाई कर लेंगे सारी बात की, कोई चिंता की बात नहीं है । हम देखेंगे कि किस तरीके से काम होता है और होना ही चाहिए । मेरी तो एक बात है कि

कम से कम भाईचारे का भाव हो, आज वाहियात तरीके से लोग पैदा हो गए हैं इस दुनिया में जो हर वक्त मार-धाड़ करते हैं, बहुत बुरा लगता है। ऐसा लगता है कि क्या हो गया है इस संसार को कि आपस में ही लड़ते रहते हैं, मारते रहते रहते हैं, उजाड़ते रहते हैं, लेकिन वहां जाकर देखा कि इस मुसीबत के समय में कुछ ठीक-ठाक हो गया । मुझे एक शेयर याद आता है :—

मेरे दिल के एक कोने में एक मासूम सा बच्चा रहता है,

देखकर हालत बड़ों की, वह बड़ा होने से डरता है।

तो मुझे तो डर लगता था कि आदमी बच्चे तक भगवान का रूप होता है, बड़ा होने के बाद में वह खूंखार बन जाते हैं तो डर लगता है कि क्यों बड़ा हुआ जाए, छोटा ही रहा जाए। तो वहां जाकर लगा कि इंसानियत आज भी कुछ बाकी है, आज भी कुछ जज्बात बाकी हैं दिया भी है, करूणा भी है, सद्भावना भी है, भ्रातृभाव भी है और एक साथ जीने की तमन्ना भी है।

Let us hope we will carry on this progress so that they can lead their lives well. We should create a happy atmosphere and place so that they feel proud of it, at least those who have survived. We shall be able to tell the whole world that we in India can create something out of the disaster.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Now clarifications on statement regarding withdrawal of postal strike.

CLARIFICATIONS ON THE STATEMENT BY MINISTER

Withdrawal of Postal Strike

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharastra) : Sir, there is no need of any clarification. The Minister has handled it very well. We are very thankful to the hon. Minister.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu) : Mr. Vice-Chairman, I would like to read the last sentence of the statement. The statement says :

"I am sure that the entire Postal fraterniiy will make sincere effors to restore normalcy and maintain the high standards of postal services as they have been rendering in the past."

First of all, I would like to thank the hon. Minister for having accepted that the Postal employees have maintained high standards in postal services.

The Minister has stated in para 2 of the statement:

"The package of benefits agreed to before the commencement of the strike will be given to and orders will be issued immediately."

I would like to know from the hon. Minister whether the Government has already issued orders or not. If the Government has not done so, will it come forward to assure the House that the agreement would be implemented on time-frame-settlement basis ?

Now I would like to read the agreement itself. It says:

"In pursuance of our meeting with the hon. Minister on 9-12-1993 and with the Postal Board on 10-12-1993 on the proposals and assurances made in the above meeting, we hereby call off the indefinite strike with immediate effect from today."

This is the agreement made with the Department. So there are two things. One is, proposals agreed with the Depariment and the second is, assurance given by the Department..

Some proposals have been agreed to after the commencement of the strike. What about those agreements? Are you going to